दुमका	डीडीयुजीजेवाई	714	2,633	61	231
पाकुड़	डीडीयुजीजेवाई	243	506	49	81
	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)	1,158	615	0	0
राँची	डीडीयुजीजेवाई	832	528	0	0
	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)	1,269	741	0	0
कुल		**12,573**	**12,540**	**260**	**678**

(स्रोतः डीपीआर और जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से संकलित)

तालिका 2.1 से, यह देखा जा सकता है कि सात नमूना-जांचित जिलों में, 938 गांवों (सात प्रतिशत) को टीकेसी द्वारा या तो विद्युतीकृत (260) या अस्तित्वहीन (678) पाया गया था, हालांकि इन गांवों को जेबीवीएनएल द्वारा विद्युतीकरण के लिए प्रस्तावित किया गया था और एसएलएससी द्वारा आरईसी को अनुशंसित किया गया था।

इस प्रकार, डीपीआर वास्तविक सर्वेक्षण किए बिना तैयार किए गए थे जिसके कारण अविद्युतीकृत गाँवों की वास्तविक संख्या में अंतर पाया गया। एसएलएससी ने भी आरईसी को अग्रेषित करने के पहले डीपीआर का विस्तृत विश्लेषण नहीं किया। आगे सौभाग्या योजना के तहत मुफ्त कनेक्शन के लिए पात्र लाभार्थियों की पहचान के लिए जेबीवीएनएल ने कोई क्षेत्रीय सर्वेक्षण नहीं किया।

लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई 2021/अक्टूबर 2021) कि आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई की डीपीआर तैयार करने के दौरान एजेंसी द्वारा आंकड़ा तैयार किया गया है। प्रबंधन/विभाग ने आगे बताया कि स्वीकृत लागत में कमी और पुनरीक्षित मात्रा में कमी और प्रत्येक घर को विद्युत-संबंध प्रदान करने के लिए उर्जा मंत्रालय के लक्ष्य को पूरा करने के लिए गांवों/बस्तियों को संतृप्ति की अवस्था तक आच्छादित करने के बाद के निर्णय के कारण गांवों को डीपीआर में शामिल नहीं किया गया था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि डीडीयुजीजेवाई के तहत टीकेसी द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार स्वीकृत लागत और पुनरीक्षित मात्रा के बाद भी सात नमूना-जांचित जिलों में से छः में डीपीआर के अनुसार विद्युतीकृत किए जाने वाले गांवों की तुलना में गांवों की संख्या अधिक पाई गई। इसके अलावा, टीकेसी के सर्वेक्षण के दौरान पहले से विद्युतीकृत गांवों और अस्तित्वहीन गांवों पर उत्तर मौन था।

उचित क्षेत्र सर्वेक्षण और व्यापक डेटाबेस का रखरखाव परियोजना नियोजन की रीढ़ होती है। जेबीवीएनएल उचित क्षेत्र सर्वेक्षण करने या एक डेटाबेस बनाए रखने में विफल रहा जो अपात्र लाभार्थियों को विद्युत-संबंध मिलने और फिजूलखर्ची के जोखिम से भरा था। इस विफलता के लिए दोषी अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करने की आवश्यकता है।

सारांश में, *जेबीवीएनएल ने लाभार्थियों की पहचान करने के लिए कभी भी क्षेत्र सर्वेक्षण नहीं किया और न ही उन्होंने विद्युतीकृत गांवों/घरों का एक मान्य डेटाबेस बनाया। नमूना-जांचित सात जिलों में विद्युतीकरण कार्य शुरू करने से पहले क्षेत्र सर्वेक्षण करते समय टर्न-की संवेदकों (टीकेसी) ने पाया कि 260 विद्युतीकृत गांवों और 678 अस्तित्वहीन गांवों को डीपीआर में शामिल किया गया था। जेबीवीएनएल चतरा, गढ़वा, लातेहार और पलामू जिलों में आरजीजीवीवाई (X पंचवर्षीय योजना) को पूरा न करने, दुमका और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में आरईसी के साथ छूटे हुए बीपीएल परिवारों के मुद्दे को आगे बढ़ाने तथा सिमडेगा जिले की डीपीआर अपलोड*

नहीं करने में विफलता के कारण ₹ 182.68 करोड़ की भारत सरकार के अनुदान से वंचित हुआ। जेबीवीएनएल ने डीपीआर में कमियों को दूर करने के लिए आरईसीपीडीसीएल को ₹ 1.37 करोड़ का भुगतान किया, हालांकि इन 11 जिलों की डीपीआर छः से आठ महीने पहले ही किसी अन्य एजेंसी द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी थी जिसके परिणामस्वरूप व्यर्थ व्यय हुआ।

अध्याय 3 ग्राम एवं गृह विद्युतीकरण

3.1 राज्य में ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं की भौतिक प्रगति

3.1.1 आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई

मार्च 2020 तक आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)) और डीडीयुजीजेवाई के तहत कार्यों का लक्ष्य और उपलब्धि **तालिका 3.1** में दी गई है:

तालिका 3.1: आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत कार्य का लक्ष्य और उपलब्धि

अवयव /योजना	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)			डीडीयुजीजेवाई		
	डीपीआर के अनुसार लक्ष्य	टीकेसी द्वारा सर्वेक्षण के बाद का लक्ष्य	उपलब्धि मार्च 2020	डीपीआर के अनुसार लक्ष्य	पुनरीक्षित लक्ष्य मार्च 2020	उपलब्धि मार्च 2020 (प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7
गांव जिसका विद्युतीकरण करना था	18,092	10,752	10,752	11,788	17,430	15,750 (90.36)
बीपीएल विद्युत-संबंध	4,71,971	2,71,670	2,71,670	3,38,401	3,53,587	3,50,454 (99.11)
एपीएल विद्युत-संबंध	7,07,505	95,768	95,631	5,13,632	3,62,137	3,62,034 (99.97)

(स्रोत: जेबीवीएनएल द्वारा प्रस्तुत आंकड़ा)

उपरोक्त तालिका टर्न-की संवेदकों (टीकेसी) द्वारा किए गए वास्तविक सर्वेक्षण के बाद प्राप्त लक्ष्य की तुलना में डीपीआर के अनुसार लक्ष्य में संभावित भिन्नता को दर्शाती है। हालांकि, टीकेसी को सौंपे गए ग्रामीण विद्युतीकरण कार्य लगभग पूरे हो चुके थे। भिन्नताएं मुख्य रूप से पहले से विद्युतीकृत/अस्तित्वहीन गांवों को डीपीआर में शामिल करने के कारण पाई गई, जो बिना क्षेत्र-सर्वेक्षण के तैयार किए गए थे जैसा कि **कंडिका 2.4.3.** में वर्णित है।

3.1.2 सौभाग्या/एजीजेवाई/टीएमकेपीवाई/जेएसबीएवाई

लेखापरीक्षा ने देखा कि अक्टूबर 2017 से मार्च 2020 की अवधि के दौरान सौभाग्या के तहत 17,64,248 विद्युत-संबंध लक्ष्य के विरुद्ध कुल 9,65,109 विद्युत-संबंध (54.70 प्रतिशत) जारी किए गए थे, जबकि एजीजेवाई के तहत 3,64,500 विद्युत-संबंधों के लक्ष्य के विरुद्ध 1,85,593 विद्युत-संबंध (50.92 प्रतिशत) जारी किए गए। यद्यपि, जेएसबीवाई के अंतर्गत 6,41,377 विद्युत-संबंध के लक्ष्य के विरूद्ध जारी किए गए विद्युत-संबंधों की संख्या लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं की गई। टीएमकेपीवाई के तहत् नदियों या नहरों में सिंचाई के लिए पानी की कमी के

कारण संभावित कृषि-उपभोक्ताओं से विद्युत-संबंध मांग की कमी के कारण 3,03,750 कृषि पंप विद्युत-संबंध के लक्ष्य के विरूद्ध कोई विद्युत-संबंध जारी नहीं किया गया।

3.2 ग्राम विद्युतीकरण और विद्युत्-संबंध जारी करना

विद्युत मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार, एक गांव को विद्युतीकृत माना जाता है यदि (i) दलित बस्तियों, जहां यह मौजूद हों, सहित बसे हुए इलाके में वितरण ट्रांसफार्मर और बिजली की लाइनें जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं; (ii) सार्वजनिक स्थानों जैसे स्कूलों, पंचायत कार्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों, औषधालयों, सामुदायिक केंद्रों आदि को बिजली प्रदान की जाती है; और (iii) विद्युतीकृत घरों की संख्या एक गांव के कुल घरों का कम से कम 10 प्रतिशत है जिसे 100 और उससे अधिक की आबादी वाले गांव/आबादी में सभी घरों को आच्छादित करने के लिए बढ़ाया जाता है।

3.2.1 ग्राम विद्युतीकरण के लक्ष्य की प्राप्ति न होना

मार्च 2020 तक ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि **तालिका 3.2** में दी गई है:

तालिका 3.2: मार्च 2020 तक आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत ग्राम विद्युतीकरण का लक्ष्य और उपलब्धि

जिला का नाम	आरजीजीवीवाई की स्थिति (XII पंचवर्षीय योजना)			डीडीयुजीजेवाई की स्थिति		
	डीपीआर के अनुसार लक्ष्य	बीओक्यू फ्रीजिंग/क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद का लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)	डीपीआर के अनुसार लक्ष्य	बीओक्यू फ्रीजिंग/क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद का लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)
धनबाद	1,010	619	619 (100)	277	339	339 (100)
देवघर	1,793	1,686	1,686 (100)	470	543	543 (100)
पाकुड़	1,158	615	615(100)	243	506	350 (69)
पलामू	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) में शामिल नहीं है			1,244	1,711	1,180 (69)
गिरिडीह	2,234	954	942(99)	1,329	1,665	1,540 (92)
दुमका	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) में शामिल नहीं है			714	2,633	2,626 (99)
राँची	1,269	741	741(100)	832	528	528 (100)
कुल	**7,464**	**4,615**	**4,603**	**5,109**	**7,925**	**7,106 (89.67)**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत डीपीआर और डेटा से संकलित)

जैसा कि **तालिका 3.2** में दिखाया गया है, तीन जिलों में डीडीयुजीजेवाई के तहत गांवों का विद्युतीकरण कार्य धीमा था और मार्च 2020 तक प्रगति 69 से 100

प्रतिशत के बीच थी, हालांकि इन्हें जुलाई 2019 और दिसंबर 2019 के बीच पूरा किया जाना था। विलंब का कारण मुख्य रूप से संवेदक के अनुमोदन में विलंब, गारंटीकृत तकनीकी मानकों (जीटीपी) और आरेख के अनुमोदन में विलंब, सामग्री निरीक्षण निकासी प्रमाण पत्र जारी करने में विलंब, संयुक्त माप प्रमाण-पत्र (जेएमसी) जारी करने में विलंब, देर से भुगतान, बीओक्यू को फ्रीज करने में विलंब, जेबीवीएनएल द्वारा संवेदकों को गांवों की सूची देर से जमा करना, परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) की नियुक्ति जनशक्ति की कमी और बीओक्यू जमा करने में विलंब, दोषों का सुधार, वन मंजूरी आवेदन जमा करना, साइट कार्यालयों को अंतिम रूप देना, परियोजना प्रबंधकों की नियुक्ति, सामग्री की कमी, जनशक्ति की कमी, कार्य निष्पादन की धीमी गति, टीकेसी आदि द्वारा कार्य पूरा किए बिना जेएमसी प्रस्तुत करना था। लेखापरीक्षा की तिथि (मार्च 2020) तक कार्य समाप्त नहीं होने का कारण, धीमी निष्पादन के कारण पाकुड़ और पूर्वी सिंहभूम के टीकेसी को रद्द (जनवरी 2019) करना तथा उसके कारण पुनर्निविदा एवं कार्यों का पुनरावंटन (मार्च 2019) था।

अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) प्रबंधन/विभाग ने कहा कि विलंब प्रक्रियात्मक कारणों से हुई थी और आश्वासन दिया कि जेबीवीएनएल भविष्य में इस तरह की विलंब को कम करेगा।

3.2.2 विद्युत-संबंध के लक्ष्य की प्राप्ति न होना

आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)/डीडीयुजीजेवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, बीपीएल परिवारों को एक एलईडी लैंप के साथ मुफ्त विद्युत-संबंध प्रदान किया जाना था जबकि एपीएल परिवारों को सशुल्क विद्युत-संबंध प्रदान किया जाना था। मार्च 2020 तक बीपीएल और एपीएल विद्युत-संबंध के लक्ष्य और उपलब्धियां **तालिका 3.3** में दी गई हैं:

तालिका 3.3: मार्च 2020 तक आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत विद्युत-संबंध का लक्ष्य और उपलब्धि

जिला का नाम	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) की स्थिति				डीडीयुजीजेवाई की स्थिति			
	बीपीएल		एपीएल		बीपीएल		एपीएल	
	लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)	लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)	लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)	लक्ष्य	उपलब्धि (प्रतिशत)
धनबाद	17,858	13,332 (*85*)	0	1,212(-)	16,000	11,077 (*69*)	2,000	3,944 (*197*)
देवघर	24,603	17,731(*72*)	-	-	5,718	3,152 (*55*)	14,312	12,417 (*97*)
पाकुड़	21,944	16,183(*74*)	-	-	1,457	25	-	-
पलामू	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) में शामिल नहीं है				74,613	28,228 (*38*)	-	-
गिरिडीह	17,000	13,620(*80*)	4,000	4,000 (*100*)	38,984	31,630 (*81*)	36,614	19,210 (*52*)
दुमका	आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) में शामिल नहीं है				4,422	10,492 (*237*)	0	5,528 (-)
राँची	23,331	23,331(*100*)	2,831	2,269 (*80*)	13,111	13,111 (*100*)	8,374	8,374 (*100*)
कुल	**1,04,736**	**84,197**	**6,831**	**7,481**	**1,54,305**	**97,715**	**61,300**	**49,473**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से संकलित)

तालिका 3.3 से, यह देखा जा सकता है कि आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) के तहत लक्ष्य के विरुद्ध 80 प्रतिशत बीपीएल और 110 प्रतिशत एपीएल विद्युत-संबंध जारी किए गए थे, जबकि डीडीयुजीजेवाई के तहत 63 प्रतिशत बीपीएल और 81 प्रतिशत एपीएल विद्युत-संबंध जारी किए गए थे। ग्राम विद्युतीकरण में विलम्ब के कारण जैसा कि **कंडिका 3.2.1** में चर्चा की गई है, लाभार्थियों को विद्युत-संबंध प्रदान करने में विलम्ब हुआ। यह भी देखा गया कि टीकेसी को संभावित लाभार्थियों की सूची उपलब्ध कराने में जेबीवीएनएल की विफलता के कारण एपीएल विद्युत-संबंधों में और विलंब हुआ। धनबाद और दुमका में डीडीयुजीजेवाई के तहत एपीएल और बीपीएल विद्युत-संबंध के लिए उपलब्धि उसके लक्ष्य से अधिक थी जो दर्शाता है कि क्षेत्र सर्वेक्षण ठीक से नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि 12,826 विद्युत-संबंध[26] के लक्ष्य के विरुद्ध सार्वजनिक स्थानों पर 5,204 विद्युत-संबंध[27] जारी किए गए, डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत 95,568 बिना मीटर[28] वाले विद्युत-संबंधों को मीटर विद्युत-संबंध में परिवर्तित किया गया और 2,352 खराब मीटरों[29] को बदला गया।

यद्यपि योजना निर्देशिका के अनुसार केवल बीपीएल उपभोक्ताओं को नि:शुल्क विद्युत-संबंध प्रदान करना था। फिर भी जेबीवीएनएल ने दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए एपीएल उपभोक्ताओं को 56,954 विद्युत-संबंध नि:शुल्क जारी किए जिस पर जेबीवीएनएल ने ₹ 15.85 करोड़[30] का परिहार्य व्यय किया।

प्रबंधन/विभाग ने बीपीएल और एपीएल विद्युत-संबंध के लक्ष्यों को प्राप्त न करने के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) कहा कि सौभाग्या दिशानिर्देशों के अनुसार एपीएल उपभोक्ताओं को विद्युत-संबंध प्रत्येक एपीएल से ₹ 500 या ₹ 50 की 10 किश्तों का भुगतान प्राप्त करने के बाद जारी किए गए थे।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि ये विद्युत-संबंध आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत मानदंडों का उल्लंघन करते हुए बिना कोई भुगतान प्राप्त किए जारी किए गए थे। प्रत्येक एपीएल उपभोक्ता से ₹ 500 या ₹ 50 की 10 किश्तों की प्राप्ति के संबंध में कोई साक्ष्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

---

[26] देवघर (526), धनबाद (625), दुमका (96), गिरिडीह (3602), पलामू (3438), पाकुड़ (2137) और राँची (2382)

[27] देवघर (246), धनबाद (238), दुमका (874), गिरिडीह (1065), पलामू (1976), पाकुड़ (432) और राँची (373)।

[28] गिरिडीह (27348), देवघर (5809), धनबाद (18179), पाकुड़ (616), राँची (36500) पलामू (4334) और दुमका (2782)

[29] गिरिडीह (1061), धनबाद (1291)

[30] 56954x ₹ 2784 (नए विद्युत-संबंध प्रदान करने की औसत दर) = ₹ 15.85 करोड़।

3.2.3 प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना-सौभाग्या

योजना के अंतर्गत निर्धारित श्रेणी [31]के परिवारों को नि:शुल्क विद्युत-संबंध दिया जाना था। सात मदों[32] में से कम से कम एक अभाव वाले परिवारों को निःशुल्क विद्युत-संबंध के लिए चिन्हित किया जाना था। डीडीयुजीजेवाई के तहत आच्छादित न किए गए बिजली से वंचित कोई भी बीपीएल परिवार नि:शुल्क विद्युत-संबंध के लिए पात्र थे। उपर्युक्त श्रेणियों में शामिल नहीं किए गए अविद्युतीकृत परिवारों को ₹ 500 प्रति विद्युत-संबंध के भुगतान पर विद्युत-संबंध प्रदान किया जाना था, जिसे ऊर्जा बिलों के साथ ₹ 50 की 10 मासिक किश्तों में वसूल किया जाना था।

इसके अलावा, जेबीवीएनएल ने सभी जीएम-सह-मुख्य अभियंता, ईएसए और डीजीएम-सह-नोडल अधिकारियों को सौभाग्या दिशानिर्देशों के अनुसार विद्युत-संबंध जारी करने का निर्देश (अप्रैल 2018) दिया। इसके लिए गांवों में सर्वेक्षण कराया जाना था ताकि नि:शुल्क या सशुल्क विद्युत-संबंध के लिए पात्र ग्रामीण परिवारों की सूची तैयार की जा सके। नि:शुल्क विद्युत-संबंध प्रदान करने के लिए, जेबीवीएनएल (अप्रैल 2018) ने संवेदकों को भुगतान किए जाने के लिए करों सहित अधिकतम ₹ 3,000 की दर निर्धारित की। तथापि, कार्यादेश देने से पहले संबंधित उप-महाप्रबंधकों द्वारा दरों की तर्कसंगतता का आकलन किया जाना था।

लेखापरीक्षा ने देखा कि सात नमूना-जांचित जिलों में मार्च 2020 तक सौभाग्या के अंतर्गत 2,84,485 विद्युत-संबंध जारी किए गए थे। इनमें से आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई में लगे टीकेसी ने ईएससी के मौखिक अनुरोध पर 23,248 एपीएल विद्युत-संबंधों सहित 28,930 विद्युत-संबंध[33] जारी किए, जिसके लिए कोई कार्यादेश जारी नहीं किए गए थे। शेष 2,55,555 विद्युत-संबंध सौभाग्या के तहत जेबीवीएनएल और ईएससी द्वारा जारी किए गए कार्यादेशों के विरुद्ध एजेंसियों द्वारा जारी किए गए थे जैसा कि **तालिका 3.4** में दिया गया है:

---

31 आश्रय विहीन परिवार, भिक्षा में रहने वाले निराश्रित व्यक्ति, हाथ से मैला ढोने वालों का परिवार, आदिम आदिवासी समूह, कानूनी रूप से रिहा किए गए बंधुआ मजदूर।

32 (i) केवल एक कमरे, कच्ची दीवार और कच्ची छत वाले परिवार, (ii) 16 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क सदस्य नहीं वाले परिवार, (iii) 16 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क पुरुष सदस्य वाले महिला मुखिया वाले परिवार (iv) विकलांग सदस्य और कोई सक्षम वयस्क सदस्य वाले परिवार (v) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के परिवार, (vi) 25 वर्ष से अधिक के साक्षर वयस्क वाले परिवार और (vii) भूमिहीन परिवार अपनी आय का एक बड़ा हिस्सा शारीरिक रूप से आकस्मिक श्रम से प्राप्त करते हैं।

33 देवघर (24,930) और राँची (4,000)

तालिका 3.4: कार्यादेश के विरुद्ध संवेदक द्वारा जारी किए गए विद्युत-संबंधों की विवरणी

जिला	कार्यादेश के अनुसार मात्रा	बीपीएल विद्युत-संबंध दिया गया	एपीएल विद्युत-संबंध दिया गया	कुल उपलब्धि	कमी
धनबाद	20,900	3,937	2,335	6,272	14,628
देवघर	19,000	2,638	3,923	6,561	12,439
पाकुड़	67,377	142	18,258	18,400	48,977
पलामू	1,25,821	753	72,714	73,467	52,354
गिरिडीह	58,064	16,125	24,591	40,716	17,348
दुमका	58,711	1982	55,363	57,345	1,366
राँची	56,323	4,300	48,494	52,794	3,439
कुल	**4,06,196**	**29,877**	**2,25,678**	**2,55,555**	**1,50,551**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से संकलित)

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि:

- जेबीवीएनएल ने संवेदक को आदेश देने से पहले उचित सर्वेक्षण के माध्यम से सौभाग्या के तहत नि:शुल्क विद्युत-संबंध के लिए पात्र लाभार्थियों का मूल्यांकन सुनिश्चित नहीं किया। इसके बजाय, संवेदक को विद्युत-संबंध का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध उन्होंने अपने स्वयं के आकलन के अनुसार नि:शुल्क विद्युत-संबंध जारी किए। यह देखा गया कि सौभाग्या के तहत नमूना-जांचित जिलों (**तालिका 3.4**) में 4,06,196 घरेलू विद्युत-संबंध जारी किए जाने थे, जो कि 3,31,234 विद्युत-संबंधों[34] के संयुक्त लक्ष्य से अधिक था। यह इंगित करता है कि जेबीवीएनएल ने डीडीयुजीजेवाई के लक्ष्य के तहत गैर-विद्युतीकृत ग्रामीण परिवारों के एक बड़े हिस्से को आच्छादित नहीं किया, हालांकि इस योजना में सभी ग्रामीण घरों में विद्युत-संबंध की परिकल्पना की गई थी।

- यह देखा गया कि सौभाग्या के तहत 32,603 विद्युत-संबंध[35], संवेदकों को कार्यादेश जारी करने (नवंबर 2018 और फरवरी 2019 के बीच) से एक से 26 महीने पहले (जनवरी 2017 और फरवरी 2019 के बीच) जारी किए गए थे। इनमें आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) के तहत काम कर रहे टीकेसी द्वारा जारी किए गए 17,760 विद्युत-संबंध शामिल थे, जिनमें मान्य दर ₹ 2,839 और ₹ 3,000 प्रति विद्युत-संबंध के बीच थी। इसी प्रकार डीडीयुजीजेवाई के टीकेसी द्वारा 13,928 विद्युत-संबंध जारी किए गए, जहां प्रति विद्युत-संबंध मान्य दर ₹ 2,024 से ₹ 2,425 के बीच थी। शेष 915 विद्युत-संबंधों को अन्य संवेदकों द्वारा जारी किए जाने के रूप में सूचित किया गया था जो विद्युत-संबंध जारी करने से संबंधित किसी अन्य योजना के तहत काम नहीं कर रहे थे। कार्यादेश देने से पहले संवेदकों द्वारा विद्युत-संबंध जारी किया जाना संवेदकों और जेबीवीएनएल के अधिकारियों की मिलीभगत को इंगित करता है।

---

[34] आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना): 1,15,629 और डीडीयुजीजेवाई: 2,15,605

[35] धनबाद: 862, गिरिडीह: 21308, दुमका: 755, पलामू: 6694, पाकुड़: 500 और राँची: 2484

लक्ष्यों की प्राप्ति में कमी के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021), प्रबंधन/ विभाग ने कहा कि कमी मुख्य रूप से अनिच्छुक उपभोक्ताओं की बड़ी संख्या, बुनियादी ढांचे की कमी के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में संशोधन के कारण थी। तथापि, कार्यादेश जारी करने से पूर्व जारी किए गए संवेदकों और विद्युत-संबंधों को आदेश देने से पूर्व उचित सर्वेक्षण के माध्यम से सौभाग्या के अंतर्गत नि:शुल्क विद्युत-संबंध के लिए पात्र लाभार्थियों के गैर-आकलन पर उत्तर मौन था।

उपभोक्ताओं की अनिच्छा के संबंध में उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि जेबीवीएनएल ने संभावित लाभार्थियों की पहचान और सूची तैयार किए बिना टीकेसी को कार्य सौंप दिया था।

3.2.4 अटल ग्राम ज्योति योजना (एजीजेवाई)

भारत सरकार ने अटल ग्राम ज्योति योजना (एजीजेवाई) शुरू की (अप्रैल 2015), जिसके तहत एक वर्ष में 30 गांवों के 50 एपीएल परिवारों को लगातार तीन वर्षों तक नि:शुल्क विद्युत-संबंध जारी किया जाना था। प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित विधानसभा सदस्य (एमएलए) द्वारा गांवों और घरों का चयन किया जाना था।

लेखापरीक्षा ने देखा कि जेबीवीएनएल ने दो योजनाओं के कार्यक्षेत्र को मिलाकर क्रमशः एजीजेवाई और टीएमकेपीवाई के तहत 3,64,500 एपीएल विद्युत-संबंध और 3,03,750 कृषि पंप विद्युत-संबंध[36] प्रदान करने के लिए तीन टीकेसी[37] को ₹ 271.90 करोड़[38] के कार्यादेश जारी किए (मई 2016 और अगस्त 2016)। कार्य कार्यादेश जारी होने की तिथि से 12 माह के भीतर पूर्ण किये जाने थे। टीकेसी ने कृषि पंप विद्युत-संबंध प्रदान नहीं किए क्योंकि संभावित कृषि उपभोक्ताओं से आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे। हालांकि, अक्टूबर 2018 तक 1,85,593 एपीएल विद्युत-संबंध प्रदान किए गए थे। जेबीवीएनएल द्वारा अनुबंधों को अंततः समाप्त (अक्टूबर 2018) कर दिया गया क्योंकि टीकेसी ने मुख्य रूप से जेबीवीएनएल द्वारा गांवों की सूची प्रस्तुत करने में विलंब के कारण अनुबंध को आगे बढ़ाने में असमर्थता व्यक्त की थी।

इसके अलावा, टीकेसी ने 75,104 मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को कार्य के दायरे से बाहर मीटर वाले विद्युत-संबंधों में परिवर्तित कर दिया और ₹ 30.21 करोड़ के भुगतान का दावा किया जिसका निष्पादन किया जाना बाकी है (अक्टूबर 2020)।

---

[36] 50 x 25 x 81 x 3 = 3,03,750

[37] विजय इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (ईएसए गिरिडीह, मेदनीनगर और राँची), बेंटेक इंडिया लिमिटेड (ईएसए हजारीबाग, जमशेदपुर और धनबाद) और इंडो नबिन प्रोजेक्ट लिमिटेड (ईएसए दुमका)

[38] इएसए गिरिडीह (₹ 19.60 करोड़), पलामू (₹ 29.40 करोड़), राँची (₹ 63.49 करोड़), हजारीबाग (₹ 27.39 करोड़), जमेशदपुर (₹ 43.54 करोड़), धनबाद (₹ 30.43 करोड़) तथा दुमका (₹ 58.05 करोड़)

डीडीयुजीजेवाई के तहत समान कार्य के लिए ₹ 2,958 प्रति विद्युत-संबंध (मीटर-विहीन विद्युत-संबंध का मीटर विद्युत-संबंध में परिवर्तन) की स्वीकृत दर पर गणना के अनुसार दावा राशि केवल ₹ 22.22 करोड़ होनी चाहिए थी। इस प्रकार, विद्युत-संबंध न केवल कार्य के दायरे से बाहर थे, बल्कि बढ़े हुए दावे को स्वीकार करने पर ₹ 7.99 करोड़ की परिहार्य देयता का निर्माण भी हो सकता था।

नमूना-जांचित सात जिलों में विधायकों द्वारा की गई अनुशंसाओं के संबंध में जारी किए गए विद्युत-संबंधों का विवरण **तालिका 3.5** में दिया गया है:

तालिका 3.5: नमूना-जांचित जिलों में जारी किए गए विद्युत-संबंधों का विवरण

जिला का नाम	विधायी निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या	प्रति वर्ष 30 गांवों की दर से लिए जाने वाले	विधायकों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में गांवों की संख्या	विद्युत-संबंध जो जारी करना था	विद्युत-संबंध जो जारी किया गया
धनबाद	6	540	शून्य	27,000	6,896
देवघर	3	270	28	13,500	8,777
गिरिडीह	6	540	शून्य	27,000	27,990
पाकुड़	3	270	शून्य	13,500	शून्य
पलामू	5	450	262	22,500	8,812
दुमका	4	360	शून्य	18,000	शून्य
राँची	7	630	शून्य	31,500	27,737
कुल	**34**	**3060**	**290**	**1,53,000**	**80,212**

(स्रोत: योजना दिशानिर्देशों से संकलित और जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से)

तालिका 3.5 से देखा जा सकता है कि 31,500 विद्युत-संबंधों के लक्ष्य के विरुद्ध दो जिलों में कोई विद्युत-संबंध जारी नहीं किया गया था। इसके अलावा दो जिलों में, संबंधित विधायकों ने केवल गांवों की सूची प्रदान की, न कि घरों की हालांकि जेबीवीएनएल द्वारा अपने स्वयं के आकलन के अनुसार 17,589 विद्युत-संबंध जारी किए गए थे। शेष तीन जिलों में जेबीवीएनएल द्वारा संबंधित विधायकों की अनुशंसा के बिना 62,623 विद्युत-संबंध जारी किए गए।

प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि निर्देशिका के अनुच्छेद 1 के अनुसार संबंधित विधायकों द्वारा केवल ग्राम सूची की सिफारिश की जानी है। प्रबंधन/विभाग ने यह स्वीकार करते हुए कि टीकेसी 31 अक्टूबर 2018 तक अनुबंध के पूर्ण लक्ष्य को पूरा करने में असमर्थ थे जो मुख्य रूप से एपीएल विद्युत-संबंध की कमी और सौभाग्या, डीडीयुजीजेवाई और XII योजना जैसी समानांतर चल रही योजनाओं के कारण था, कहा कि 75,104 मीटर-विहीन विद्युत् संबंधों को मीटर-युक्त करना निर्देशिका के अनुच्छेद 4 के अनुसार, कार्य के कार्य-क्षेत्र से बाहर नहीं थे। आगे यह भी बताया गया कि डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत काम के लिए दर उसी काम (मीटर-विहीन विद्युत-संबंध) के लिए दर से अधिक थी क्योंकि एजीजेवाई के तहत 4 वर्ग मिमी सर्विस केबल का इस्तेमाल किया गया था जबकि डीडीयुजीजेवाई में 2.5 वर्ग मिमी सर्विस केबल का इस्तेमाल किया गया था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि झारखण्ड सरकार द्वारा स्वीकृत योजना के अनुसार लाभार्थियों की सूची संबंधित विधायकों द्वारा उपलब्ध करायी जानी थी। इसके अलावा, झारखण्ड सरकार के तहत स्वीकृत योजना केवल उन गांवों में नए एपीएल विद्युत-संबंध प्रदान करने के लिए थी जहां आरजीजीवीवाई के तहत बुनियादी ढाँचा पूरा किया गया था। यह भी देखा गया कि सौभाग्या योजना के तहत 2.5 वर्ग मिमी सर्विस केबल के बजाय 4 वर्ग मिमी के उपयोग के कारण अंतर केवल ₹ 254 प्रति विद्युत-संबंध था। इसके अलावा, अंतर राशि पर विचार करने के बाद भी, सृजित परिहार्य देयता ₹ 6.08 करोड़[39] होगी।

3.2.5 जेएसबीएवाई के अंतर्गत जिलों में विद्युत-संबंध की मीटरीकरण

जेबीवीएनएल ने ईएसए के जीएम-सह-मुख्य अभियंता और ईएससी के डीजीएम-सह-नोडल अधिकारियों को जेएसबीएवाई के अंतर्गत मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को मीटर विद्युत-संबंध में बदलने के लिए मीटर और मीटर बॉक्स की आपूर्ति करने का निर्देश (फरवरी 2018) दिया। तदनुसार, संवेदकों को कार्यादेश दिए गये जिनमें सर्विस किट के साथ विद्युत-संबंध प्रदान करना था।

जेएसबीएवाई के तहत मीटर-विहीन विद्युत-संबंध के बदले बिजली मीटर लगाने के कार्य की स्थिति **तालिका 3.6** में दी गई है:

तालिका 3.6: विद्युत मीटर लगाने के कार्य की स्थिति

जिला	कार्यादेश के अनुसार मात्रा	प्रति संबंध दर (₹)	उपलब्धि	कमी
धनबाद	45,342	1,905	27,787	19,255
देवघर	95,640	1,905	0	95,640
पाकुड़	5,500	1,890	2,091	3,409
गिरिडीह	40,500	1,920	9,875	30,625
दुमका	10,000	1,920	7,999	2,001
राँची	41,866	1,815	4,558	37,328
कुल	**2,38,848**		**52,310**	**1,88,258**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से संकलित)

तालिका 3.6 से यह देखा जा सकता है कि एजेंसियों ने 2,38,848 मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को मीटर-युक्त विद्युत-संबंधों में परिवर्तित करने के कार्यादेशों के विरुद्ध केवल 52,310 मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को मीटर संबंध में परिवर्तित किया। यद्यपि, कार्य सौंपे जाने की तिथि (मई 2019 और अक्टूबर 2019 के बीच) से दो महीने के भीतर (जुलाई 2019 और दिसंबर 2019 के बीच) काम पूरा किया जाना था, मार्च 2020 तक एक से नौ महीने का विलंब था क्योंकि डीजीएम ने उपभोक्ताओं की सूची संवेदकों को उपलब्ध नहीं कराया।

---

[39] ₹ 7.99 करोड़ - ₹ 1.91 करोड़ (75104 X ₹ 254)

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि:

- राँची, गिरिडीह और पलामू जिलों में फरवरी 2019 से नवंबर 2019 के बीच कार्य आवंटन (अप्रैल 2019 से नवंबर 2019 के बीच) के पूर्व ही 4,016 बिना मीटर[40] वाले संबंधों को संवेदकों द्वारा मीटर विद्युत-संबंध में बदला गया।

- पलामू जिले में डीजीएम ने 200 खराब मीटर संबंध को श्रमिक लागत के रूप में ₹ 442 प्रति विद्युत-संबंध की दर से मीटर विद्युत-संबंध में बदलने का कार्यादेश (अक्टूबर 2019) जारी किया। तथापि, उपलब्धि का विवरण लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नहीं किया गया था।

- टीकेसी (दिसंबर 2019) ने ₹ 442 प्रति विद्युत-संबंध की दर से श्रमिक लागत के रूप में 200 विद्युत-संबंधों के आवंटन (अक्टूबर 2019) के विरुद्ध 200 ख़राब/मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को बदला। इसके अलावा, टीकेसी[41] (दिसंबर 2019) ने बिना किसी आवंटन आदेश के 2,300 विद्युत-संबंधों के विरुद्ध 294 ख़राब/मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को बदला।

- छः जिलों के 160 उपभोक्ताओं[42], जिन्हें मीटर-युक्त विद्युत-संबंध (मार्च 2019 और दिसंबर 2019 के बीच) प्रदान किया गया था, के बिलों की नमूना-जांच (मई और जून 2020) में पता चला कि 150 उपभोक्ताओं का औसत आधार पर बिल किया गया था। इसके अलावा, जेबीवीएनएल के बिलिंग पोर्टल पर 10 उपभोक्ताओं को अमान्य दिखाया गया था। इस प्रकार, मीटर-युक्त विद्युत-संबंध प्रदान करने अर्थात वास्तविक बिल प्रदान करने और परिणामस्वरूप शुद्ध ऊर्जा लेखांकन का उद्देश्य प्राप्त नहीं किया जा सका।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि जेबीवीएनएल के पास मीटर की अनुपलब्धता के कारण काम में विलंब हुआ है। आगे यह भी कहा गया कि जेबीवीएनएल उपभोक्ताओं की सूची सवेद्कों को उपलब्ध करा रहा था तथा संवेदकों के विरूद्ध अर्थदण्ड लगाया गया है।

मीटर की अनुपलब्धता के संबंध में प्रबंधन/विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि 2,38,848 खराब/मीटर-विहीन विद्युत-संबंध को मीटर विद्युत-संबंध में बदलने के लिए कार्यादेश जारी होने की तिथि को संबंधित आपूर्ति स्टोर में 3,44,032 मीटर[43] उपलब्ध थे। इसके अतिरिक्त, उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराने तथा विलम्बित कार्य के लिए अर्थदण्ड लगाने के संबंध में उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि प्रबंधन/विभाग ने कोई दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है। मीटर

---

40 राँची (3350), गिरिडीह (589) एवं पलामू (77)

41 मेसर्स पाण्डेय कंस्ट्रक्शन (500), मेसर्स मनीष ओझा कंस्ट्रक्शन (500), मेसर्स आसिफ पावर टेक्नोलॉजीस (1000), मेसर्स जे राम एंड संस इलेक्ट्रिकल (200) और मेसर्स श्री राम इलेक्ट्रिकल (100)

42 राँची, धनबाद, पाकुड़ और दुमका प्रत्येक जिले में 25 और पलामू (21) और गिरिडीह (39)

43 धनबाद (46,800), देवघर (95,992), पाकुड़ (9,000), गिरिडीह (75,800), दुमका (23,000) और राँची (93,440)

लगाने के बाद भी औसत आधार पर बिलिंग और कार्यादेश देने से पहले मीटर-विहीन विद्युत-संबंध को मीटर विद्युत-संबंध में बदलने पर भी जवाब मौन है।

3.2.6 जेएसईआरसी विनियमों के अनुसार विद्युत-संबंधों की बिलिंग न करना

झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग (जेएसईआरसी) विनियम, 2015 के खंड 10.1.7 के अनुसार, पहला बिल नए विद्युत-संबंध को विद्युतीकरण करने के दो बिलिंग चक्रों के भीतर दिया जाएगा। खंड 10.1.4 के अनुसार, सभी श्रेणियों के मीटर आधारित बिलिंग के संबंध में बिल दो महीने से अधिक की अवधि पर जारी नहीं किए जाएंगे। इसके अलावा, जून 2017 के आदेश के अनुसार, संबंधित विद्युत आपूर्ति उप-प्रमंडल के कनिष्ठ विद्युत अभियंता (जेईई) बिलिंग मॉड्यूल के लिए विद्युत-संबंध प्रतिवेदन अपलोड करने के लिए जिम्मेदार थे। लेखापरीक्षा ने बिलिंग में निम्नलिखित अनियमितताओं को देखा:

- जैसा कि **कंडिका 3.2.2** में चर्चा की गई है, नमूना-जांचित सात जिलों में आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत कुल 2,38,866 विद्युत-संबंध जारी किए गए थे। हालांकि, मई 2020 के मौजूदा उपभोक्ताओं के आंकड़ों की तुलना आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत जारी किए गए विद्युत-संबंधों से करने पर, यह देखा गया कि केवल 1,35,301 उपभोक्ताओं[44] (57 प्रतिशत) को बिल निर्गत किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, 288 उपभोक्ताओं[45] के अभिलेखों की समीक्षा से पता चला कि बिलिंग संबंध जारी होने की तिथि से दो से 27 महीनों के बीच की विलंब से शुरू की गई थी। शेष 1,03,509 उपभोक्ताओं के लिए ₹ 28.82 करोड़[46] का व्यय करने के बाद भी मई 2020 तक बिल निर्गत नहीं किया जा रहा था।

बिलिंग में विलंब के परिणामस्वरूप या तो ऊर्जा शुल्क की वसूली नहीं हो सकेगी या विशेष रूप से बीपीएल उपभोक्ता, भारी बकाया की मांग पर भुगतान करने में सक्षम नहीं होंगे।

- इसके अलावा, डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत बिना मीटर/खराब मीटर विद्युत-संबंध[47] के बदले 97,920 मीटर लगाए गए थे। ऐसे 200 उपभोक्ताओं[48] की नमूना-जांच से पता चला कि 182 उपभोक्ताओं का बिल (जुलाई 2020) नए मीटरों की

---

[44] धनबाद (12113), देवघर (13216), गिरिडीह (50124), दुमका (15467), राँची (21854), पलामू (13643) और पाकुड़ (8884)

[45] राँची (43), देवघर (71), गिरिडीह (82) दुमका (33), पलामू (29) और पाकुड़ (30)

[46] 1,03,509 x ₹ 2784 (आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत नया विद्युत-संबंध प्रदान करने की औसत दर) = ₹ 28.82 करोड़

[47] गिरिडीह (28409), देवघर (5809), धनबाद (19470), पाकुड़ (616), राँची (36500), दुमका (2782) और पलामू (4334)

[48] देवघर (25), गिरिडीह (50), राँची (25), धनबाद (25), दुमका (25), पलामू (25) और पाकुड़ (25)

स्थापना की तिथि से आठ से 23 माह बीत जाने के बाद भी वास्तविक मीटर रीडिंग के बजाय औसत आधार पर लिया जा रहा था, जबकि 12 उपभोक्ताओं को बिलिंग पोर्टल पर अमान्य दिखाया गया था। इस प्रकार, बिना मीटर/खराब मीटर विद्युत-संबंधों के बदले नए मीटरों की स्थापना पर ₹ 28.65 करोड़[49] का व्यय करने के बाद भी, जेबीवीएनएल वास्तविक ऊर्जा शुल्क वसूल करने के लिए मीटर आधारित बिलिंग सुनिश्चित नहीं कर सका।

सात नमूना-जांचित जिलों के 26 गांवों के 138 लाभार्थियों के सर्वेक्षण (सितंबर 2019 और मार्च 2020 के बीच) से पता चला कि इन गांवों का अगस्त 2017 से सितंबर 2019 के दौरान विद्युतीकरण किया गया था, लेकिन तीन से 28 महीने बीत जाने के बाद भी किसी भी लाभार्थी को बिल प्राप्त नहीं हुआ था।

- विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 56 (2) के अनुसार, किसी भी उपभोक्ता से देय राशि उस तिथि, जब वह राशि प्रथम बार देय हुई, से दो साल की अवधि के बाद वसूलनीय नहीं होगी जब तक कि आपूर्ति की गई बिजली के लिए बकाया शुल्क के रूप में ऐसी राशि को लगातार वसूलनीय बकाया के रूप में नहीं दिखाया गया हो और लाइसेंसधारी बिजली की आपूर्ति बंद नहीं करेगा। आरजीजीवीवाई (X पंचवर्षीय योजना) की समापन प्रतिवेदन की जांच से पता चला कि नमूना-जांचित सात जिलों में से छ: में 2008 से 2012 के दौरान बीपीएल उपभोक्ताओं को 3,96,873 मीटर विद्युत-संबंध[50] जारी किए गए थे। इन उपभोक्ताओं को डीएस-i(ए) टैरिफ के तहत वर्गीकृत किया गया था। जेबीवीएनएल दो जिलों[51] के उपभोक्ताओं का विवरण प्रस्तुत नहीं कर सका और इसलिए, चार जिलों के 2,33,673 मीटर उपभोक्ताओं[52] की बिलिंग स्थिति की जांच की गई।

उपभोक्ता बही-खातों की समीक्षा[53] से पता चला कि 2,33,673 उपभोक्ताओं में से केवल 1,05,291 उपभोक्ताओं[54] का ही बिलिंग किया जा रहा था, वह भी औसत आधार पर। इस प्रकार, जेएसईआरसी विनियम 2015 के खंड 10.1.7 का उल्लंघन करते हुए 1,28,382 उपभोक्ताओं[55] का बिलिंग नहीं किया जा रहा था। इन

[49] ₹ 2958 प्रति मीटर की दर से 95568 मीटर और ₹1617 मीटर की दर से 2352 मीटर जो ₹ 28.65 करोड़ की गणना की गई

[50] धनबाद (33121), देवघर (29343), गिरिडीह (103259), दुमका (124054), राँची (67950) और पाकुड़ (39146)

[51] दुमका और पाकुड़

[52] धनबाद (33121), देवघर (29343), गिरिडीह (103259) और राँची (67950)

[53] धनबाद (अगस्त 2019), राँची (अगस्त 2019), देवघर (सितंबर 2019) और गिरिडीह (फरवरी 2019)

[54] धनबाद (1762), देवघर (17493), गिरिडीह (49783), और राँची (36253)

[55] 233673 घटाव 105291= 128382

उपभोक्ताओं का बिलिंग न करने से ₹ 141.61 करोड़[56] (जनवरी 2010 से जुलाई 2020) के राजस्व की हानि हुई, जिसमें से ₹ 67.09 करोड़[57] विद्युत अधिनियम की धारा 56(2) के तहत अब (जुलाई 2018 तक) वसूली योग्य नहीं है। इसके अलावा, इन 1,28,382 उपभोक्ताओं (₹ 1,809 प्रति विद्युत-संबंध की औसत दर पर गणना) को मीटर विद्युत-संबंध प्रदान करने पर किया गया ₹ 23.22 करोड़ का व्यय मीटर आधारित बिलिंग के उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सका और बेकार हो गया। साथ ही 1,05,291 उपभोक्ताओं की बिलिंग मीटर-विहीन टैरिफ के अनुसार की जा रही थी। इस प्रकार इन उपभोक्ताओं के मीटर लगाने पर किया गया ₹11.15 करोड़[58] का व्यय भी व्यर्थ हो गया।

- इसी प्रकार, सौभाग्या के अंतर्गत प्रदान किए गए 2,84,485 विद्युत-संबंधों में से केवल 1,58,033 उपभोक्ताओं[59] का बिलिंग (मई 2020) किया जा रहा था जबकि ₹ 35.41 करोड़[60]खर्च करने के बाद भी 1,26,452 उपभोक्ताओं का बिलिंग नहीं किया जा रहा था। इसके अलावा, 143 उपभोक्ताओं[61] की विस्तृत जांच से पता चला कि विद्युत-संबंध जारी होने की तिथि से दो से 26 महीने बाद बिलिंग शुरू की गई थी।

जैसा कि ऊपर चर्चा की गई है, संबंधित जेईई आवश्यकतानुसार बिलिंग मॉड्यूल में सेवा संबंधी प्रतिवेदन अपलोड करने में विफल रहे जिसके कारण मीटरों की स्थापना पर व्यय अंततः व्यर्थ हुआ या राजस्व की हानि हुई क्योंकि प्रभारों की बकाया वसूली योग्य नहीं है।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) कहा कि राजस्व शाखा लगातार नए संबंधों का पता लगाने और बिलिंग के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ काम कर रही है।

3.2.7 मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों का मीटर-युक्त संबंधों में रूपांतरण नहीं किया जाना

जेएसईआरसी ने 2019-20 के लिए अपने टैरिफ आदेश (फरवरी 2019) में, अप्रैल 2019 से प्रभावी, मीटर-विहीन टैरिफ को वापस ले लिया था और जेबीवीएनएल को

---

[56] ₹ 10.71 करोड़ देवघर, ₹ 36.61 करोड़ धनबाद, ₹ 61.76 करोड़ गिरिडीह और ₹ 32.53 करोड़ राँची ने बिना मीटर वाले कुटीर ज्योति संबंध की गणना की।

[57] ₹ 5.25 करोड़ देवघर, ₹ 17.79 करोड़ धनबाद, ₹ 29.68 करोड़ गिरिडीह और ₹ 14.37 करोड़ राँची ने बिना मीटर वाले कुटीर ज्योति संबंध की दर से गणना की।

[58] ₹ 1809 घटाव ₹ 750 (बिना मीटर के विद्युत-संबंध का दर),

[59] धनबाद: 1682, देवघर: 7345, गिरिडीह: 27592, दुमका: 49927, पलामू 26431, पाकुड़: 10812 और राँची : 34244.

[60] 1,26,452 x ₹ 2800 (सौभाग्या के तहत नया विद्युत-संबंध प्रदान करने की औसत दर) = ₹ 35.41 करोड़।

[61] राँची (49), गिरिडीह (19), दुमका (25), पलामू (25) एवं पाकुड़ (25)

2018-19 के टैरिफ आदेश के अनुसार जून 2019 तक मीटर-विहीन विद्युत-संबंध के लिए बिलिंग करने की अनुमति दी थी, जिसे दिसंबर 2020 तक बढ़ा (अक्टूबर 2020) दिया गया था। इसके अलावा, जेएसईआरसी ने 2019-20 के अपने टैरिफ आदेश में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर-युक्त टैरिफ यानी डीएस-I(ए) और डीएस-I(बी) 2018-19 का टैरिफ आदेश की तुलना में क्रमशः 31 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि की।

अप्रैल 2019 के राजस्व विवरण (आरएस-I) की लेखापरीक्षा समीक्षा से पता चला कि अप्रैल 2020 तक नमूना-जांचित सात जिलों में डीएस-I(ए) और डीएस-I(बी) श्रेणियों के तहत 8,48,445 मीटर-विहीन उपभोक्ता[62] थे। ये उपभोक्ता 2018-19 के टैरिफ आदेश के अनुसार बिलिंग किए जा रहे थे। जेबीवीएनएल मीटरीकरण में विलंब के कारण 2019-20 के टैरिफ आदेश के आधार पर बढ़ा हुआ टैरिफ पर बिलिंग करने के अवसर से वंचित हो गया।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि सभी उपभोक्ताओं की मीटरीकरण की प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी गई है।

3.2.8 संग्रह दक्षता

जेबीवीएनएल जेएसईआरसी द्वारा अनुमोदित टैरिफ के अनुसार बिजली की बिक्री से राजस्व एकत्र करता है। झारखण्ड सरकार जेबीवीएनएल को बिलिंग किए गए उपभोक्ताओं के विभिन्न टैरिफ पर सब्सिडी प्रदान करती है तथा टैरिफ और सब्सिडी के अंतर को जेबीवीएनएल द्वारा संबंधित उपभोक्ताओं से एकत्र किया जाता है। संग्रहण दक्षता[63] का अर्थ है किसी विशेष अवधि के लिए उपभोक्ताओं से वास्तव में प्राप्त राजस्व (सरकारी सब्सिडी सहित) और उपभोक्ताओं को बिलिंग की गई ऊर्जा राशि (सरकारी सब्सिडी सहित) का प्रतिशत में अनुपात।

लेखापरीक्षा ने देखा कि ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं को डीएस-I(ए) और डीएस-I(बी) टैरिफ के तहत वर्गीकृत किया गया है। 2018-19 और 2019-20 के दौरान

---

[62] गिरिडीह (171108), देवघर (132430), दुमका (145440), पलामू (79569), पाकुड़ (108465) धनबाद (69197) और राँची (142236)

[63] संग्रहण क्षमता (प्रतिशत) = (एफ+जी-आई)/इ∗100 जहां इ= सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं को ऊर्जा की बिक्री से राजस्व (बुक की गई सब्सिडी सहित) लेकिन ऊर्जा व्यापार/अंतर-राज्यीय बिक्री से राजस्व को छोड़कर; एफ = 'इ' घटाव् सब्सिडी बुक किया गया जोड़ सब्सिडी वर्ष के दौरान बुक की गई सब्सिडी के खिलाफ प्राप्त हुई; जी = प्राप्य अनुसूची में दर्शाए अनुसार ऊर्जा की बिक्री के लिए देनदार खोलना (संदिग्ध देनदारों के लिए प्रावधानों में कटौती किए बिना)। बिल न किए गए राजस्व को देनदार नहीं माना जाएगा; इ= प्राप्य अनुसूची में दर्शाए अनुसार ऊर्जा की बिक्री के लिए अंतिम देनदार (संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधानों में कटौती किए बिना)। बिल न किए गए राजस्व को देनदार के रूप में नहीं माना जाएगा और साथ ही वर्ष के दौरान उस पर सीधे बट्टे खाते में डाली गई कोई भी राशि

जेबीवीएनएल की समग्र संग्रह दक्षता क्रमशः 92 और 87 प्रतिशत थी। हालांकि, यह डीएस-। (ए) के तहत केवल 54.40 और 63.97 प्रतिशत और डीएस-। (बी) के तहत क्रमशः 56.40 और 62.26 प्रतिशत था। (***परिशिष्ट I***)

आगे यह देखा गया कि डीएस-।(ए) की संग्रह क्षमता, झारखण्ड सरकार से प्राप्त सब्सिडी को छोड़कर, 2018-19[64] और 2019-20[65] के दौरान क्रमशः केवल 15.46 और 13.98 प्रतिशत थी, जबकि इसी अवधि[66] के दौरान टैरिफ डीएस-।(बी) के तहत यह 46.77 और 38.81 प्रतिशत थी (***परिशिष्ट I***)। जेबीवीएनएल की कुल संग्रहण क्षमता (87 से 92 प्रतिशत के बीच) की तुलना में यह खराब थी। इस प्रकार जेबीवीएनएल ग्रामीण उपभोक्ताओं से ऊर्जा प्रभार वसूल करने में विफल रहा। इसमें यह भी इंगित किया कि जेबीवीएनएल मुख्य रूप से ऊर्जा शुल्क के लिए झारखण्ड सरकार द्वारा सब्सिडी पर निर्भर था और उपभोक्ता हिस्सेदारी के संग्रहण पर जोर नहीं देता था।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) बताया कि राजस्व संग्रहण को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

3.2.9 सकल तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीसी) हानि

एटीसी हानि वितरण व्यवसाय की दक्षता का वास्तविक माप है क्योंकि यह तकनीकी के साथ-साथ वाणिज्यिक दोनों हानियों को मापता है। यह प्रणाली में ऊर्जा इनपुट इकाइयों और वितरित इकाइयों के बीच का अंतर है जिसके लिए भुगतान एकत्र किया जाता है। डीडीयुजीजेवाई के तहत, राज्य सरकारों के परामर्श से उर्जा मंत्रालय द्वारा अंतिम रूप दिए गए प्रक्षेप वक्र के अनुसार एटीसी[67] हानियों में कमी करने पर ऋण घटक के 50 प्रतिशत को अनुदान में परिवर्तित किया जाना था।

ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, झारखण्ड सरकार तथा जेबीवीएनएल द्वारा उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) के अंतर्गत हस्ताक्षरित (जनवरी 2016) एमओयू

---

[64] उठाया गया बिल: ₹400.68 करोड(सब्सिडी: ₹184.55 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹ 216.13 करोड़)। राजस्व की वसूली: ₹ 217.97 करोड़ (सब्सिडी: ₹ 184.55 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सेदारी: ₹ 33.42 करोड़)।

[65] बढ़ा हुआ बिल: ₹755.70 करोड़ (सब्सिडी: ₹439.21 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹316.49 करोड़)। राजस्व की वसूली: ₹ 483.46 करोड़ (सब्सिडी: ₹ 439.21 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹ 44.25 करोड़)।

[66] बढ़ा हुआ बिल: ₹537.18 करोड़ (सब्सिडी: ₹97.22 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹439.96 करोड़) और ₹836.57 करोड़ (सब्सिडी: ₹320.63 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹515.94 करोड़)। राजस्व प्राप्ति: ₹ 302.98 करोड़ (सब्सिडी: ₹ 97.22 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹ 205.76 करोड़) ₹ 520.89 करोड़ (सब्सिडी: ₹ 320.63 करोड़ और उपभोक्ता हिस्सा: ₹ 200.26 करोड़) 2018-19 और 2019-20 के दौरान क्रमशः।

[67] (ऊर्जा इनपुट - ऊर्जा प्राप्त) x 100/ऊर्जा इनपुट जहां ऊर्जा प्राप्त हुई = ऊर्जा बिल x संग्रह क्षमता

के अनुसार जेबीवीएनएल के एटीसी हानि का लक्ष्य तथा उसके विरुद्ध उपलब्धि (***परिशिष्ट II***) **तालिका 3.7** में दर्शाई गई है:

तालिका 3.7: झारखंड में एटीसी हानियों की लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि

वर्ष	लक्ष्य (प्रतिशत में)	उपलब्धि (प्रतिशत में)
2016-17	28	31.80
2017-18	22	33.81
2018-19	15	28.69
2019-20	-	33.49

(स्रोत: जेबीवीएनएल द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों से संकलित)

यह देखा गया कि जेबीवीएनएल 2016-17 से 2019-20 के दौरान खरीदी गई ऊर्जा की तुलना में कम बिलिंग (75 से 78 प्रतिशत के बीच) के अलावा ऊर्जा शुल्क (87 से 92 प्रतिशत के बीच) की कम वसूली के कारण मुख्य रूप से एटीसी हानियों के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका। एटीसी हानि को उर्जा मंत्रालय द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर रखने में विफलता के परिणामस्वरूप, जेबीवीएनएल डीडीयुजीजेवाई के तहत ₹ 558.32 करोड़ के ऋण घटक को अनुदान में बदलने का अवसर प्राप्त करने में सक्षम नहीं रहा।

इसके अलावा, मार्च 2020 के राजस्व विवरण-I की जांच से पता चला कि 43.72 लाख उपभोक्ताओं (29.97 लाख ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं सहित) में से केवल 19.20 लाख उपभोक्ताओं (44 प्रतिशत) को मीटर रीडिंग (वास्तविक खपत) के अनुसार बिलिंग किया जा रहा था और शेष 24.52 लाख उपभोक्ताओं[68] (20.62 लाख ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं[69] सहित) का औसत आधार पर बिलिंग किया जा रहा था। इस प्रकार, जेबीवीएनएल ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं के 69 प्रतिशत सहित 56 प्रतिशत उपभोक्ताओं की औसत बिलिंग के आधार पर एटीसी हानियों की गणना कर रहा था।

लेखापरीक्षा ने 2019-20 (मार्च 2020) के लिए राजस्व विवरण-I का विश्लेषण किया जिसमें उपभोक्ताओं के टैरिफ-वार योग और उनके द्वारा खपत की गई ऊर्जा शामिल है। यह देखा गया कि मीटर-युक्त बिलिंग के मामले में ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं का डीएस-I(ए) टैरिफ मासिक औसत 32 यूनिट पर बिलिंग[70] किया गया था। तथापि, जेबीवीएनएल अनुमान के आधार पर ख़राब/बिना मीटर के 93 यूनिट की बुकिंग[71] कर रहा था। उपभोक्ताओं के डीएस-I(बी) टैरिफ में भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी गई, जहां मीटर-युक्त बिलिंग के मामले में मासिक औसत खपत

[68] खराब मीटर उपभोक्ता 9,17,211 और बिना मीटर वाले उपभोक्ता 15,34,019

[69] खराब मीटर उपभोक्ता 7,65,204और बिना मीटर वाले उपभोक्ता 12,96,414

[70] 2,96,356 उपभोक्ताओं के संबंध में

[71] 4,87,808 दोषपूर्ण मीटर उपभोक्ताओं तथा 5,02,870 मीटर न किए गए उपभोक्ताओं के संबंध में

केवल 30 यूनिट[72] थी और अनुमान के आधार[73] पर ख़राब/बिना मीटर के मामले में 187 यूनिट थी। इस प्रकार, अनुमान के आधार पर अधिक यूनिट की बुकिंग के आधार पर कम एटीसी हानि के अनुमान से इंकार नहीं किया जा सकता है। उपभोक्ताओं द्वारा ऊर्जा खपत के आधार पर उपभोक्ताओं के लिए झारखंड सरकार द्वारा जेबीवीएनएल को सब्सिडी प्रदान की जाती है। इस प्रकार, झारखंड सरकार से अधिक सब्सिडी प्राप्त करने के लिए अनुमान के आधार पर अधिक बिलिंग से इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि झारखण्ड सरकार ने जेबीवीएनएल द्वारा दावा की गई सब्सिडी की शुद्धता को सत्यापित करने के लिए कोई तंत्र विकसित नहीं किया था। आगे यह देखा गया कि सब्सिडी को छोड़कर समान श्रेणी के उपभोक्ताओं के मामले में संग्रहण दक्षता समग्र दक्षता की तुलना में बहुत कम थी जैसा कि **कंडिका 3.2.8** में चर्चा की गई है।

कई योजनाओं के तहत ऊर्जा लेखांकन में सुधार के लिए मीटरीकरण बढ़ाने के प्रावधानों के बावजूद, जेबीवीएनएल ऊर्जा शुल्क की वसूली में सुधार लाने में विफल रहा जिसके कारण एटीसी हानियों में लगातार वृद्धि हुई और सुधार योजनाएं विफल हुईं।

लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि एटीसी हानियों को कम करने के लिए बिलिंग और संग्रह प्रदर्शन में सुधार के लिए कार्रवाई की गई है।

जेबीवीएनएल को विद्युत आपूर्ति उप-प्रमंडलों के संबंधित सहायक विद्युत अभियंता (एईई) द्वारा गैर-बिलिंग और ऊर्जा शुल्क के खराब संग्रहण की जांच करनी चाहिए और जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

सारांश में, *यद्यपि नमूना-जांचित सात जिलों में विद्युतीकरण लक्ष्य जुलाई 2019 और दिसंबर 2019 के बीच प्राप्त किए जाने थे, डीडीयुजीजेवाई के तहत लिए गए 7,925 गांवों में से 819 (10 प्रतिशत) का विद्युतीकरण मार्च 2020 तक पूरा नहीं हुआ था। इसके अलावा, 1,15,629 विद्युत-संबंधों में से 23,951 (21 प्रतिशत) और 2,15,605 विद्युत-संबंधों में से 68,417 (32 प्रतिशत) को विभिन्न परियोजना बाधाओं के कारण क्रमशः आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत मार्च 2020 तक प्रदान नहीं किया जा सका। जेबीवीएनएल ने ₹ 15.85 करोड़ का परिहार्य व्यय किया क्योंकि डीडीयुजीजेवाई के तहत 56,954 एपीएल संबंध मानदंडों के विरुद्ध निःशुल्क जारी किए गए थे।*

सौभाग्या के तहत, सात नमूना-जांचित जिलों में 4,06,196 विद्युत-संबंध के लक्ष्य के विरुद्ध 2,84,485 विद्युत-संबंध लाभार्थियों की पात्रता का आकलन किए बिना जारी किए गए थे। 3.64 लाख एपीएल परिवारों के लक्ष्य के मुकाबले 1.86 लाख

---

[72] 6,39,374 उपभोक्ताओं के संबंध में

[73] 2,77,396 दोषपूर्ण मीटर उपभोक्ताओं तथा 7,93,544 बिना मीटर वाले उपभोक्ताओं के संबंध में

एपीएल परिवारों को मुफ्त विद्युत-संबंध प्रदान करने के बाद एजीजेवाई को बंद कर दिया गया था क्योंकि जेबीवीएनएल टर्न-की संवेदकों (टीकेसी) को लाभार्थियों की सूची प्रदान नहीं कर सका।

विभाग ने अप्रैल 2015 में टीएमकेपीवाई के तहत 3.04 लाख कृषि विद्युत-संबंध उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा था। हालांकि, सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण इस योजना के तहत किसानों से कृषि विद्युत-संबंध के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। इसलिए अक्टूबर 2018 में बिना कोई विद्युत-संबंध जारी किए योजना को बंद कर दिया गया।

जेएसबीएवाई के तहत एजेंसियों ने एक से नौ महीने के विलंब के बाद 2,38,848 मीटर-विहीन विद्युत-संबंध के लक्ष्य के विरुद्ध केवल 52,310 मीटर-विहीन विद्युत-संबंधों को मीटर संबंध में परिवर्तित किया क्योंकि संबंधित विद्युत आपूर्ति प्रमंडलों के डीजीएम ने विक्रेताओं को उपभोक्ताओं की सूची प्रदान नहीं की थी।

नमूना-जांचित सात जिलों में केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत जारी कुल 5,23,295 विद्युत-संबंधों में से केवल 2,93,334 उपभोक्ताओं का ही बिल भेजा जा रहा था। 431 उपभोक्ताओं की समीक्षा से पता चला कि विद्युत-संबंध जारी होने की तिथि से दो से 27 माह के बीच की विलंब से बिलिंग शुरू की गई थी। इसके अतिरिक्त, 200 बिना मीटर/खराब मीटर उपभोक्ताओं, जिनके मीटर बदले गए थे, के ऊर्जा बिलों की जांच से पता चला कि 182 उपभोक्ताओं को मीटर बदलने के आठ से 23 महीने बीत जाने के बाद भी औसत आधार पर बिलिंग किया जा रहा है।

वर्ष 2018-19 और 2019-20 के दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं से ऊर्जा शुल्क का संग्रह डीएस-I(ए) टैरिफ के तहत 15.46 और 13.98 प्रतिशत और डीएस-I(बी) टैरिफ के तहत क्रमशः 46.77 और 38.81 प्रतिशत था, जिसमें झारखण्ड सरकार से प्राप्त सब्सिडी को शामिल नहीं किया गया था। जेबीवीएनएल वर्ष 2018-19 तक लक्षित समेकित तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीसी) हानि 15 प्रतिशत हासिल नहीं कर सका जैसा कि उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) के अंतर्गत परिकल्पित था और 2019-20 के दौरान एटीसी हानि 33.49 प्रतिशत थी। विद्युत मंत्रालय (उर्जा मंत्रालय) द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर एटीसी हानि को रखने में विफलता के परिणामस्वरूप, जेबीवीएनएल डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत ऋण घटक को अनुदान में बदलने के अवसर का लाभ उठाने में सक्षम नहीं होगा।

अध्याय

4 फीडरों का पृथक्करण

फीडर पृथक्करण, समर्पित फीडर के द्वारा कृषि उपभोक्ताओं और गैर कृषि उपभोक्ताओं (घरेलू और वाणिज्यिक) को पृथक रूप से विद्युत आपूर्ति करना इंगित करता है। यह व्यवस्था वितरण कंपनी को प्रभावी डिमांड साइड मैनेजमेंट (डीएसएम) हेतु कृषि उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति को विनियमित करने में सहायता करता है। फीडर पृथक्करण, कृषि भार को ऑफ-पीक ऑवर में स्थानांतरित करके लोड वक्र को स्थिर कर पीक लोड प्रबंधन को आसान करता है। फीडर पृथक्करण का मुख्य उद्देश्य, ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उपभोक्ताओं को विनियमित विद्युत आपूर्ति एवं गैर कृषि उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति करना है। भारत सरकार ने फीडर पृथक्करण हेतु ₹ 2,199.49 करोड़ स्वीकृत किया था।

4.1 फीडर पृथक्करण की आवश्यकताओं का मूल्यांकन नहीं होना

परियोजना निर्माण के पहले चरण में, यूटिलिटी (कंपनी) को कृषि फीडरों को अलग करने की आवश्यकता की पहचान करनी थी। यह देखा गया कि जेबीवीएनएल ने मिश्रित भार वाले फीडर, जहां फीडर पृथक्करण की आवश्यकता थी, मौजूदा और संभावित कृषि उपभोक्ताओं की कुल संख्या, खेती योग्य भूमि का कुल क्षेत्रफल और स्थान, जलग्रहण क्षेत्र जहां से उपभोक्ता सिंचाई के लिए पानी प्राप्त कर सकते हैं, जैसे विवरणों पर विचार किए बिना डीपीआर तैयार किया। एसएलएससी ने भी इन आवश्यकताओं को सत्यापित किये बिना ही डीपीआर को अनुमोदन के लिए आरईसी को अग्रेषित कर दिया। इसके अलावा, मिश्रित भार वाले किसी भी मौजूदा फीडरों की पहचान या उन्हें पृथक्कीकृत नहीं की गई थी। कृषि फीडरों का निर्माण या तो नवनिर्मित पीएसएस में किया गया था या मौजूदा पीएसएस में नए फीडर का निर्माण किया गया था।

4.2 फीडर पृथक्करण की स्थिति

मार्च 2020 तक कृषि फीडरों/लाईन्स के निर्माण लक्ष्य की तुलना में वास्तविक उपलब्धि की स्थिति **तालिका 4.1** में दर्शाया गया है।

तालिका 4.1: कृषि फीडर/लाईन्स निर्माण का लक्ष्य एवं उपलब्धि

जिला	फीडर निर्मित होने की संख्या	निर्मित फीडरों की संख्या	कृषि लाइन्स निर्माण करना था (सर्किट किमी[74])	निर्मित कृषि लाईन्स (सर्किट किमी) (प्रतिशत)
धनबाद	15	13 (87)	450.00	425.74 (95)
देवघर	21	14 (67)	669.00	619.00 (93)
पाकुड़	2	0 (0)	31.55	0 (0)

[74] सर्किट किलोमीटर

जिला	फीडर निर्मित होने की संख्या	निर्मित फीडरों की संख्या	कृषि लाइन्स निर्माण करना था (सर्किट किमी[74])	निर्मित कृषि लाईन्स (सर्किट किमी) (प्रतिशत)
पलामू	3	0 (0)	37.75	0 (0)
गिरिडीह	5	4 (80)	122.98	91.38 (74)
दुमका	4	3 (75)	18.90	49.20 (260)
राँची	13	13 (100)	795.97	795.97 (100)
कुल	**63**	**47**	**2126.15**	**1981.29**

स्रोत: जेबीवीएनएल के द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से संकलित

तालिका 4.1 से देखा जा सकता है कि दो जिलों में कोई कार्य नहीं हुआ। यह पाकुड़ में टीकेसी द्वारा कार्य निष्पादन न करने एवं अंततः अनुबंध की समाप्ति तथा पलामू में कार्य धीमा होने के कारण हुआ। इसके अलावा, अन्य पांच जिलों में दिए गए लक्ष्य के विरुद्ध निर्धारित तिथि से चार से नौ महीने बीत जाने के बाद भी केवल 47 फीडर (81 प्रतिशत) और 1,981 सर्किट किमी लाइन (96 प्रतिशत) को ही पूरा किया जा सका।

आगे यह पाया गया कि पृथक कृषि फीडर का निर्माण, मौजूदा कृषि उपभोक्ता एवं संभावित कृषि उपभोक्ता, लोड की जरुरत एवं विशिष्ट क्षेत्र में सिचाई हेतु पानी की उपलब्धता का सर्वेक्षण किये बिना किया गया।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि टीएमकेपीवाई एक राज्य योजना जो कृषि पंपों के द्वारा नि:शुल्क विद्युत-संबंध प्रदान करने के लिए बनी थी उसे सिंचाई के लिए नदियों या नहरों में पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने के कारण संभावित उपभोक्ताओं से मांग की कमी के कारण बंद (अक्टूबर 2018) करना पड़ा।

आगे, कृषि विद्युत-संबंध हेतु 2,966 डीटीआर[75] और 1,840.71 सर्किट किमी[76] लाइन्स का भी निर्माण (नवम्बर 2018 से जून 2020) ₹ 90.61 करोड़[77] में किया। यद्यपि, 16,406 मौजूदा कृषि उपभोक्ता[78] को मौजूदा फीडरों से पृथक कृषि फीडरों पर स्थानांतरित नहीं किया गया और उसका कारण अभिलेख में नहीं पाया गया। इस प्रकार, पृथक फीडरों एवं इससे संबंधित बुनियादी ढांचे जुलाई 2020 तक निर्माण के एक से 20 महीने बाद भी उपयोग में नहीं लाया गया फलस्वरूप ₹ 90.61 करोड़ की संपत्ति बेकार पड़ी है।

- राँची जिला के चान्हो ब्लाक में तीन कृषि फीडरों का निर्माण (जुलाई 2019) हुआ, जिसमें 25 केवीए के 675 डीटीआर लगे थे और जो दो पीएसएस से

75 राँची (1803), धनबाद (612) और देवघर (551)

76 राँची, धनबाद और देवघर

77 2966 x ₹ 81332 (डीटीआरएस की औसत लागत) + 1840.71 x ₹ 3,61,189 (कृषि लाइन की औसत लागत) = ₹ 90.61 करोड़

78 अप्रैल 2019 के राजस्व विवरण-I के अनुसार सिंचाई और कृषि सेवा (आईएएस) टैरिफ के तहत धनबाद (239), देवघर (3563) और राँची (12604)।

जुड़ा था (एक नया और एक अपग्रेडेड), जिसमें 1174 कृषि उपभोक्ता सक्रिय थे। यद्यपि, जुलाई 2020 तक 11 महीने बाद भी मौजूदा कृषि उपभोक्ताओं को कृषि फीडर पर स्थानांतरित नहीं किया जा सका।

प्रबंधन/विभाग ने फीडरों के निर्माण, लाइनों और कृषि फीडरों पर मौजूदा कृषि उपभोक्ताओं के गैर-संबंध के संबंध में लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) में कहा कि फीडर और लाइनें अब लगा दिया गया है और नए स्कीम[79] के तहत 2,295 नए कृषि विद्युत-संबंध चिंहित जिलों में लगाये गए हैं साथ ही क्षेत्रीय कार्यालयों में नई योजना के तहत उपलब्ध कराये गये मौजूदा कृषि विद्युत-संबंधों को नये बने कृषि फीडरों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये गये हैं।

यद्यपि, मौजूदा उपभोक्ताओं एवं संभावी उपभोक्ताओं के सर्वेक्षण के बिना, लोड की आवश्यकता, विशिष्ट क्षेत्र में सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता को ध्यान में रखे बिना ही डीपीआर तैयार करने के विषय पर मौन रहा। अतः जेबीवीएनएल का वास्तविक आवश्यकता का आकलन किये बिना निर्माण गतिविधियों पर ध्यान था।

जेबीवीएनएल को फीडर, ट्रांसमिशन लाइन और डीटीआर के निर्माण के पूरा होने के बावजूद मौजूदा कृषि उपभोक्ताओं को अलग कृषि फीडरों में स्थानांतरित करने में उनकी विफलता की जांच करनी चाहिए और जिम्मेदारी तय करनी चाहिए।

सारांश में, *यद्यपि 47 फीडर और 1,981.29 किमी कृषि विद्युत लाइनों को कृषि फीडरों के पृथक्करण के एक भाग के रूप में बनाया गया था, इनमें से कोई भी चार्ज नहीं किया गया। इनमें से 40 फीडर और 1840.71 सर्किट किमी कृषि लाइनों को कृषि विद्युत-संबंध के लिए ₹ 90.61 करोड़[80] की लागत से देवघर, धनबाद और राँची जिलों में 2966 डीटीआर की स्थापना के बाद भी उपयोग में नहीं लाया गया, हालांकि इन जिलों में 16,406 कृषि उपभोक्ता पहले से मौजूद थे।*

---

79 टीएमकेपीवाई योजना को पुराने टीएमकेपीवाई से ₹ 98.62 करोड़ बचाकर फिर से शुरू किया गया था (जुलाई 2019) जिसे अक्टूबर 2018 में बंद कर दिया गया और एलओआई (अक्टूबर 2019 से जुलाई 2020) जारी किया गया

80 2966 x ₹ 81332 (डीटीआरएस की औसत लागत) + 1840.71 x ₹ 3,61,189 (कृषि लाइन की औसत लागत) = ₹ 90.61 करोड़

अध्याय 5

उप-संचरण एवं वितरण संरचना का सुदृढ़ीकरण

5.1 पीएसएस निर्माण के लक्ष्य की अप्राप्ति

ग्रामीण क्षेत्रों में उप-संचरण एवं वितरण संरचना[81] (एसटीडी) के विकास का उद्देश्य वर्ष 2019 तक निर्बाध रूप (24x7) से विद्युत आपूर्ति प्रदान करना था। पीएसएस का निर्माण आपूर्ति लाइनों (33/11 केवी) की लंबाई को कम करने के लिए किया जाता है ताकि ब्रेकडाउन की स्थिति में कम से कम उपभोक्ता प्रभावित हो।

राज्य में मार्च 2020 तक 146 नए पीएसएस निर्माण लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 65 पीएसएस ही बन सका। आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) एवं डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत नमूना जांच जिलों में निर्मित पीएसएस का विवरण **तालिका 5.1** में दिया गया है:

तालिका 5.1: पीएसएस के निर्माण का लक्ष्य एवं उसके विरुद्ध उपलब्धि

जिला का नाम	निर्माण किये जाने वाले पीएसएस की संख्या	निर्माण किये जाने वाले पीएसएस की क्षमता (एमवीए)	निर्मित पीएसएस की संख्या	निर्मित पीएसएस की क्षमता (एमवीए)	लोड पीएसएस की संख्या
धनबाद	06	40	6	40	3
देवघर	04	20	4	20	0
पाकुड़	02	20	0	0	0
पलामू	12	105	3	20	0
गिरिडीह	05	50	4	40	0
दुमका	03	25	3	25	3
राँची[82]	09	90	9	90	2
कुल	**41**	**350**	**29**	**235**	**8**

(स्रोतः जेबीवीएनएल के ईएससी द्वारा उपलब्ध कराए गये आंकड़ों से संकलित)

तालिका 5.1 दर्शाता है कि नमूना-जांचित जिलों में निर्माण के लिए लक्षित 350 एमवीए के 41 पीएसएस में से केवल 235 एमवीए के 29 पीएसएस का ही निर्माण किया जा सका। जेबीवीएनएल एवं संवेदक (टीकेसी) दोनों ही पीएसएस के निर्माण में विलंब/गैर-निर्माण के लिए जिम्मेदार थे। जेबीवीएनएल ने टर्न-की संवेदकों (टीकेसी) को भूमि उपलब्ध कराने में विलंब, अनुपयुक्त या पथरीली भूमि के कारण स्थान परिवर्तित करना और पीएसएस स्थलों के लिए पहुंच सड़क उपलब्ध कराने

---

81 नए पीएसस का निर्माण, मौजूदा पीएसस का औग्मेंटेशन, एचटी लाइन्स का निर्माण, नए डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का अधिष्ठापन एवं मौजूदा डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर का औग्मेंटेशन

82 डीडीयुजीजेवाई के तहत 12 पीएसएस में से जार्गो, ओरमांझी और सिल्ली में तीन पीएसएस को भूमि को अंतिम रूप नहीं दिए जाने के कारण हटा दिया गया था।

में 41 पीएसएस में से 31 पीएसएस के मामले में आशय पत्र (एलओआई) जारी होने की तारीख से चार से 19 महीनों की विलंब हुआ। संवेदकों ने गिरिडीह और राँची के 14 पीएसएस के मामले में सर्वेक्षण प्रतिवेदन, पीएसएस और बीओक्यू के लिए आरेख प्रस्तुत करने में पांच से 11 महीने का विलंब किया। संवेदकों ने सामग्री

पूर्ण होने के बावजूद निष्क्रिय पड़ा राँची जिलान्तर्गत बाजपुर का पीएसएस (लेखापरीक्षा दल द्वारा 4 जुलाई 2020 को ली गई तस्वीर)

की खरीद में भी विलंब किया और पीएसएस के निर्माण को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए आवश्यक पर्याप्त मानवबल नहीं जुटाई।

इस प्रकार, झारखण्ड सरकार पीएसएस के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि प्रदान करने में विफल रहा जिसके परिणामस्वरूप पीएसएस के निर्माण में विलंब हुआ और राँची जिले में तीन पीएसएस की डी-स्कोपिंग हुई।

केस अध्ययन

राँची जिले के अंतर्गत ₹ 4.27 करोड़ की लागत से बाजपुर गांव में तीन फीडर (दो कृषि और एक घरेलू) के साथ 2x5 एमवीए के एक पीएसएस का निर्माण पूरा होने की निर्धारित तिथि (मई 2019) से तीन महीने की विलंब के बाद पूरा किया गया (अगस्त 2019) जबकि भूमि का आवंटन (जनवरी 2018) में एलओआई (मई 2017) की तारीख से आठ महीने के बाद की गई थी। निर्माण (अगस्त 2019) के बाद भी, पीएसएस जीएसएस से कनेक्टिविटी न होने और पीएसएस के लिए ऑपरेटर की तैनाती न होने के कारण निष्क्रिय (जुलाई 2020) पड़ा हुआ था।

इसी तरह राँची जिले के चान्हो में पीएसएस के लिए मार्च 2019 में 10 महीने के विलंब के बाद भूमि आवंटित की गई थी। तीन फीडर (दो कृषि और एक घरेलू) के साथ 10 एमवीए के पीएसएस का निर्माण जुलाई 2019 में दो महीने की विलंब से पूरा किया गया था। इसके अलावा, ऑपरेटरों की तैनाती न होने के कारण चार महीने के विलंब के बाद घरेलू फीडर को चार्ज किया गया (नवंबर 2019) जबकि कृषि फीडर बेकार पड़े थे (जुलाई 2020)।

आगे, 235 एमवीए के 29 पूर्ण पीएसएस में से 70 एमवीए के केवल आठ पीएसएस चार्ज किया जा सका। 165 एमवीए के शेष 21 पीएसएस को उनके निर्माण के तीन से 29 महीने बीत जाने के बाद भी चार्ज नहीं किया गया जिसका मुख्य कारण जीएसएस (तीन मामले) के गैर-निर्माण, 33 या 11 केवी लाइनों (16 मामले) के गैर-निर्माण (जून 2020) और पीएसएस के संचालन के लिए प्रशिक्षित मानवबल (दो मामले) की अनुपस्थिति थी। परिणामस्वरूप, उच्चतम मांग के दौरान विद्यमान

पीएसएस अपनी निर्धारित क्षमता के 80 प्रतिशत पर चल रहे थे, जो किसी ट्रांसफार्मर की सुरक्षा के लिहाज से, संचालन का सर्वोत्तम स्तर था।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) में कहा कि अब स्थिति बदल गई है और 33 पीएसएस को लोड पर डाल दिया गया है।

5.2 पीएसएस का संवर्धन

पीएसएस का संवर्धन पुराने ट्रांसफार्मर के प्रतिस्थापन या अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की स्थापना द्वारा पीएसएस की मौजूदा परिवर्तन क्षमता में वृद्धि को संदर्भित करता है।

मार्च 2020 तक राज्य में 123 पीएसएस के संवर्धन के लक्ष्य के विरुद्ध, 94 पीएसएस को संवर्धित किया गया था। नमूना-जांचित जिलों में, 204 एमवीए के 34 पीएसएस (***परिशिष्ट III***) के विरुद्ध 189 एमवीए के 31 पीएसएस को संवर्धित किया गया था। टीकेसी के खराब प्रदर्शन के कारण पाकुड़ और पलामू जिलों को छोड़कर पीएसएस का विस्तार कार्य लगभग पूरा हो गया था।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) बताया कि पाकुड़ के टीकेसी को समाप्त करने और पलामू जिले में सामग्री की कमी के कारण कार्य में विलंब हुआ है।

5.3 33 केवी लाइन का निर्माण

नमूना-जांचित जिलों में डीडीयुजीजेवाई के तहत 33 केवी एचटी लाइनों के निर्माण की स्थिति **तालिका 5.2** में दी गई है।

तालिका 5.2: नमूना-जांचित जिलों में डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत 33 केवी एचटी लाइनों के निर्माण की स्थिति

जिलों का नाम	लक्ष्य (सर्किट किमी)	सर्किट किमी में उपलब्धियां (प्रतिशत)
धनबाद	62.19	53.57 (86)
देवघर	103.20	67.72 (66)
पाकुड़	25.00	15.70 (63)
पलामू	159.96	14.20 (09)
गिरिडीह	104.66	56.00 (54)
दुमका	41.82	36.67 (88)
राँची	221.78	221.78 (100)
कुल	**718.61**	**465.64 (65)**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी के द्वारा उपलब्ध कराये गए आंकड़ों से संकलित)

तालिका 5.2 से यह देखा जा सकता है कि नमूना-जांचित सात जिलों में से छ: में कार्य की भौतिक प्रगति नौ से 88 प्रतिशत के बीच थी। यह मुख्य रूप से वन मंजूरी प्राप्त करने में विलंब, पावर ट्रांसफार्मर (पीटीआर) के आरेख और तकनीकी मानकों को अंतिम रूप देने में विलंब, बीओक्यू में विचलन को अंतिम रूप देने में विलंब, आरओडब्ल्यू (राईट ऑफ वे) के संबंध में स्थानीय लोगों द्वारा बाधा एवं टीकेसी द्वारा मानवबल की अपर्याप्तता के कारण, पलामू जिले में आरओडब्ल्यू और पाकुड़ में टीकेसी की समाप्ति के कारण हुआ। 33 केवी लाइनों के गैर-निर्माण के कारण फरवरी 2020 तक इन जिलों में 45 एमवीए के आठ[83] पीएसएस को चार्ज नहीं किया गया, जबकि पीएसएस का निर्माण अगस्त 2019 और दिसंबर 2019 के बीच पूरे हो गए थे। इस प्रकार झारखण्ड सरकार समय पर वन मंजूरी प्राप्त करने और आरओडब्ल्यू मुद्दे को हल करने में विफल रही जिसके परिणामस्वरूप, 33 केवी लाइनों के निर्माण में विलंब हुआ।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) कहा कि कार्य शीघ्र पूर्ण होने की आशा है।

5.4 वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) का अतिरिक्त प्रावधान

आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की दर से पांच वर्षों की भार वृद्धि को ध्यान में रखते हुए डीटीआर स्थापित किए जाने थे। एक डीटीआर पर मौजूदा भार की गणना के लिए, बीपीएल परिवारों के लिए 250 वाट, एपीएल परिवारों के लिए 500 वाट और सार्वजनिक स्थानों के लिए 1000 वाट के भार पर विचार किया जाना था। इसके लिए नए स्थापित डीटीआर को उसकी क्षमता के 50 प्रतिशत से अधिक भार नहीं दिया जाना चाहिए ताकि अनुमानित भार वृद्धि से निपटने के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुसार अधिकतम उपयोग 80 प्रतिशत तक सुनिश्चित किया जा सके।

- राँची जिले के मलार और पाल्मा गांवों के क्षेत्र निरीक्षण (जुलाई 2020) के दौरान, यह देखा गया कि 11 उपभोक्ताओं (तीन एपीएल और आठ बीपीएल) के लिए केवल चार केवीए और 58 उपभोक्ताओं (35 एपीएल और 23 बीपीएल) के लिए 27 केवीए क्रमशः 50 केवीए (2x25 केवीए) और 75 केवीए (3x25 केवीए) डीटीआर की स्थापित क्षमता से जुड़े थे।

लेखापरीक्षा ने देखा कि अनुमानित 2,81,550 बीपीएल, 3,11,025 एपीएल और 9,272 सार्वजनिक स्थानों के विद्युत-संबंध के लिए 20,051 डीटीआर लगाए जाने

[83] देवघर-4, पलामू-3 और राँची-1

थे। इसे संशोधित कर 1,53,181 बीपीएल, 1,50,187 एपीएल और 3,422 सार्वजनिक स्थानों के विद्युत-संबंध के लिए 29,079 डीटीआर[84] किया गया। इसके विपरीत, आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत, नमूना-जांचित जिलों (***परिशिष्ट IV***) में 6,33,742 केवीए की कुल भार क्षमता के साथ 25 केवीए वाले 23,941 और 63 केवीए वाले 559 डीटीआर स्थापित किए गए थे।

मार्च 2020 तक इन डीटीआर को आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना), डीडीयुजीजेवाई और सौभाग्या के तहत 1,80,585 बीपीएल, 1,37,691 एपीएल और 4,965 सार्वजनिक स्थानों को विद्युत-संबंध दिया गया था जो कि 1,39,893 केवीए लोड के बराबर था। 50 प्रतिशत की भार आवश्यकता और पांच वर्षों के लिए 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से भार वृद्धि को ध्यान में रखते हुए 2,79,786 केवीए की भार क्षमता वाले डीटीआर की आवश्यकता थी। जैसे, 3,53,956 केवीए की भार क्षमता वाले डीटीआर आवश्यकता से अधिक स्थापित किए गए थे। इस प्रकार, जेबीवीएनएल ने उचित सर्वेक्षण और योजना की कमी के कारण 25 केवीए के 14,158 डीटीआर पर ₹ 1.51 करोड़[85] का परिहार्य अतिरिक्त व्यय किया।

उत्तर में, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि डीटीआर साइट की स्थिति, बिखरे हुए भार और भविष्य के भार पर विचार करने के बाद स्थापित किए गए थे ताकि पांच वर्षों के बाद अधिकतम भार 80 प्रतिशत से अधिक न हो।

प्रबंधन का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि राँची जिले के मलार और पाल्मा गांवों में 11 उपभोक्ताओं (तीन एपीएल और आठ बीपीएल) के लिए केवल चार केवीए और 58 उपभोक्ताओं (35 एपीएल और 23 बीपीएल) के लिए 27 केवीए का लोड 50 केवीए (2x25 केवीए) और 75 केवीए (3x25 केवीए) का डीटीआर लगभग 80 मीटर और 100 मीटर की दूरी पर स्थापित था और पांच वर्षों के बाद अनुमानित भार केवल 6.44 केवीए और 43.48 केवीए होगा जिसे क्रमशः 25 केवीए का एक और दो डीटीआर द्वारा पूरा किया जा सकता है।

5.5 अतिरिक्त पीसीसी पोल के कारण अतिरिक्त खर्च

लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) के अनुसार, एचटी (33/11 केवी) लाइनों के लिए 18 एचटी पोर्टलैंड सीमेंट कंक्रीट (पीसीसी) पोल प्रति किलोमीटर (किमी) और एलटी लाइनों के लिए 25 एलटी पीसीसी पोल प्रति किलोमीटर (किमी) खड़े किए जाने थे।

---

[84] 25 केवीए डीटीआर-28520 और 63 केवीए डीटीआर-559

[85] ₹ 81,332 प्रति डीटीआर की औसत लागत।

राँची जिले के मक्का गांव में क्षेत्र भ्रमण के दौरान यह देखा गया कि टीकेसी ने मौजूदा पोल का उपयोग नहीं किया और नए खंभों को खड़ा किया।

यह देखा गया कि आवश्यक 1,24,444 एचटी पोल और 4,48,488 एलटी पोल के विरुद्ध, जेबीवीएनएल ने आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत सात नमूना-जांचित जिलों में 1,62,067 एचटी पोल और 4,91,229 एलटी पोल लगाए। इस प्रकार, 39,731 एचटी और 42,741 एलटी पोल आवश्यकता से अधिक (***परिशिष्ट V***) खड़े किए गए थे, जिसके कारण ₹ 45.55 करोड़ का अतिरिक्त व्यय हुआ (प्रति पोल ₹ 5,333 की औसत दर पर गणना की गई)।

फरवरी 2020 में राँची (मक्का-7 और मुरुपिरी-11) और गिरिडीह (जादु रैडीह-5 और बरिया-4) जिलों के चार गांवों में 27 पोल के भौतिक सत्यापन से पता चला कि दो एलटी पोल के बीच की दूरी 20 से 37 मीटर के बीच थी जबकि 40 मीटर का मानदंड था।

उत्तर में, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि पहाड़ी क्षेत्र, जंगल, टेढ़े मेढ़े सड़कों, आरओडब्ल्यू आदि होने के कारण अतिरिक्त पोल लगाए गए थे।

प्रबंधन/विभाग का उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि लेखापरीक्षा ने मैदानी और समतल भूमि में दो एलटी खंभों के बीच की दूरी को मापा और पाया कि यह 40 मीटर से कम थी।

5.6 उप-मुख्य वितरण बोर्ड (एसएमडीबी) की अधिक स्थापना

डीडीयुजीजेवाई दिशा-निर्देशों के अनुसार, एलटी पोलों पर स्थापित एसएमडीबी के माध्यम से विद्युत-संबंध जारी किए जाने थे। डीडीयुजीजेवाई के एलओआई के अनुसार, एक एसएमडीबी के माध्यम से आठ विद्युत-संबंध जारी किए जा सकते हैं। स्थापित एसएमडीबी और जारी किए गए विद्युत-संबंधों का विवरण **तालिका 5.3** में दिखाया गया है:

तालिका 5.3: स्थापित किए गए एसएमडीबी और जारी किए गए विद्युत-संबंध का विवरण

जिला का नाम	स्थापित एसएमडीबी की संख्या	जारी विद्युत-संबंध की संख्या	जरुरी एसएमडीबी की संख्या	अधिक एसएमडीबी स्थापित
धनबाद	14,652	20,500	2,563	12,089
गिरिडीह	81,447	80,248	10,031	71,416
देवघर	20,886	16,538	2,067	18,819
दुमका	82,512	71,105	8,888	73,624
पलामू	15,375	96,690	12,086	3,289
पाकुड़	6,805	12,424	1,553	5,252
राँची	35,657	21,485	2,686	32,971
कुल	**2,57,334**	**3,18,990**	**39,874**	**2,17,460**

(स्रोत: जेबीवीएनएल के ईएससी के द्वारा उपलब्ध कराये गए आंकड़ों से संकलित)

तालिका 5.3 से स्पष्ट है कि सिर्फ 3,18,990 विद्युत-संबंध प्रदान करने के लिए 2,57,334 एसएमडीबी स्थापित किए गए थे। इसके अलावा, चार जिलों[86] में, स्थापित एसएमडीबी (2,20,502) की संख्या जारी किए गए विद्युत-संबंध (1,89,376) से अधिक थी, जो दर्शाता है कि एसएमडीबी बिना आवश्यकता के भी स्थापित किए गए थे। गिरिडीह में, केवल 59,272 एलटी पोल ***(परिशिष्ट V)*** पर 81,447 एसएमडीबी स्थापित किए गए थे। इस प्रकार, नमूना-जांचित जिलों में आवश्यकता से अधिक एसएमडीबी स्थापित किए गए थे। लेखापरीक्षा ने ₹ 1,859 प्रति एसएमडीबी की औसत लागत पर एसएमडीबी (अर्थात प्रति एसएमडीबी चार विद्युत-संबंध) के 50 प्रतिशत उपयोग पर विचार करते हुए 1,77,586[87] अतिरिक्त एसएमडीबी की स्थापना पर ₹ 33.01 करोड़ के परिहार्य व्यय की गणना की।

---

86 देवघर, दुमका, गिरिडीह और राँची

87 (257334-39874x2) x ₹ 1859= ₹ 33.01 करोड़

क्षेत्र निरीक्षण के दौरान, एसएमडीबी को खेतों में खड़े खंभों पर भी स्थापित पाया गया, जहां से कोई विद्युत-संबंध जारी नहीं किया गया था जैसा कि नीचे दी गई तस्वीर में दिखाया गया है।

गिरिडीह में एक पोल पर बिना किसी विद्युत-संबंध के एसएमडीबी की तस्वीर (6 मार्च 2020)

उत्तर में, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि स्थल पर बिखरे हुए लोड, बड़ी संख्या में मौजूदा उपभोक्ताओं और निकट भविष्य में संभावित नए सेवा संबंध के कारण अतिरिक्त एसएमडीबी स्थापित किए गए थे।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि एसएमडीबी को उन क्षेत्रों में भी स्थापित देखा गया जहां भौतिक सत्यापन के दौरान कोई बस्ती मौजूद नहीं थी। इसके अतिरिक्त, यह देखा गया कि एकल एसएमडीबी से केवल एक विद्युत-संबंध प्रदान किया जा रहा था।

5.7 पीएसएस और फीडर मीटरीकरण

वितरण कंपनी के स्थायी वाणिज्यिक संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए मीटरीकरण का अत्यधिक महत्व है। उपभोक्ताओं की ओर से मीटरीकरण के अलावा, वितरण ट्रांसफार्मर (डीटीआर) और फीडरों पर मीटरीकरण उचित ऊर्जा लेखांकन के लिए एक तंत्र के निर्माण की सुविधा प्रदान करती है। यह हानि के क्षेत्रों की पहचान करने और इस तरह के हानि को कम करने के लिए उपचारात्मक उपाय करने में भी मदद करता है।

लेखापरीक्षा ने देखा कि पीएसएस और आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) और डीडीयुजीजेवाई के तहत निर्मित/संवर्धित फीडरों पर ऊर्जा मीटर स्थापित नहीं किए गए थे। यद्यपि डीटीआर पर ऊर्जा मीटर स्थापित किये गये थे, अभिलेख में उपलब्ध न होने के कारणों से ऊर्जा की हानि, यदि कोई हो, की जांच करने के लिए मंडल/मंडल कार्यालयों द्वारा डीटीआर-वार ऊर्जा लेखांकन नहीं किया जा रहा था। इस प्रकार, डीडीयुजीजेवाई का एक मुख्य उद्देश्य अर्थात् सकल तकनीकी और वाणिज्यिक हानि (एटीसी) को कम करना, सात नमूना-जांच जिलों में डीटीआर पर

ऊर्जा मीटरों के संस्थापन पर ₹ 30.88 करोड़ के व्यय के बावजूद विफल रहा (₹ 12,606 प्रति मीटर की औसत दर पर संगणित)।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकार करते हुए (मई/अक्टूबर 2021) कहा कि भविष्य में ऊर्जा लेखांकन किया जाएगा।

5.8 जेएसबीएवाई-I और II के तहत सृजित बुनियादी ढांचा

झारखंड संपूर्ण बिजली आच्छादन योजना (जेएसबीएवाई) चरण। के तहत कार्य में मुख्य रूप से 44 पीएसएस और 2,086.38 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइनों[88] का निर्माण/ वृद्धि शामिल है, इसके अलावा छूटे घरों और कृषि उपभोक्ताओं को विद्युत-संबंध प्रदान करना है। जेएसबीएवाई-। के अंतर्गत काम जुलाई 2018 और मार्च 2019 के बीच शुरू कर जनवरी 2020 और सितंबर 2020 के बीच पूरा किया जाना था। इसी तरह, जेएसबीएवाई-।। के तहत 85 पीएसएस और 2,905.26 सर्किट किमी ट्रांसमिशन लाइनों[89] का निर्माण/संवर्द्धन कार्य फरवरी 2019 और जून 2020 के बीच शुरू कर जुलाई 2020 और दिसंबर 2021 के बीच पूरा करना था।

- राँची जिले में, जेएसबीएवाई चरण-II के तहत दो पीएसएस का निर्माण किया जाना था, जिसके लिए जिला प्रशासन ने जेबीवीएनएल को नगड़ी ब्लॉक में नयासराय (मई 2019) और कांके ब्लॉक में सुकुरहुट्टू (जुलाई 2019) में एलओआई (मार्च 2019) जारी होने के दो से तीन महीने के विलंब के बाद भूमि आवंटित की गई। स्थल निरीक्षण (अगस्त 2019) के दौरान, जेबीवीएनएल के अधिकारियों और टीकेसी ने पाया कि दोनों स्थलों पर आवंटित भूमि पथरीली थी और पीएसएस के निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं थी। इसके बाद, उप-महाप्रबंधक (डीजीएम) ने उन स्थलों में बदलाव के लिए जिला प्रशासन से संपर्क किया, जिन्हें टीकेसी (जून 2020) को सौंपा जाना था। इसके अलावा, जेएसबीवाई चरण-I के तहत् राँची जिले में लल्ली पीएसएस के लिए भूमि एलओआई (जुलाई 2018) जारी होने की तारीख से 10 महीने के विलंब के बाद टीकेसी को सौंप (मई 2019) दी गई थी।

लेखापरीक्षा ने देखा कि अगस्त 2020 तक जेएसबीवाई-I के तहत कार्यों की भौतिक प्रगति 20 से 60 प्रतिशत के बीच थी जबकि जेएसबीवाई-II के तहत यह 10 से 45 प्रतिशत थी (***परिशिष्ट VI***)।

नमूना-जांचित छः जिलों में 39 पीएसएस[90] के निर्माण की नमूना-जांच से पता चला कि 15 पीएसएस[91] के मामले में भूमि की पहचान में एलओआई की तारीख

---

[88] 33 केवी लाइन-1330.19 सीकेएम और 11 केवी-756.19 सीकेएम

[89] 33 केवी लाइन-956.17 सीकेएम और 11 केवी-1949.09 सीकेएम

[90] प्रथम चरण में धनबाद-4, गिरिडीह-17, राँची-3, दुमका-8, पलामू-6 और पाकुड़-1

[91] धनबाद-2, गिरिडीह-2, राँची-2, दुमका-4 और पलामू-5

से 20 महीने (अप्रैल 2020) का विलंब, 10 पीएसएस[92] में टीकेसी को भूमि, आवंटन सौंपने में दो से 12 महीने तक का विलंब था। 14 पीएसएस के मामले में जेबीवीएनएल द्वारा भूमि की अनुपयुक्तता के संबंध में जिला प्रशासन से संपर्क करने में विलंब, दो पीएसएस में आरओडब्ल्यू जारी करना और चार मामलों में बीओक्यू को फ्रीज करने में 11 से 15 महीने तक का विलंब हुआ।

टीकेसी द्वारा पीईआरटी चार्ट प्रदान करने में 12 से 30 दिनों (आठ[93] पीएसएस), 13 पीएसएस की मरम्मत और रखरखाव के कार्य शुरू करने में विलंब, सामग्री की खराब गुणवत्ता के अलावा तीन 33 केवी लाइनों में *वे-लीव* अनुमति प्रदान करने हेतु रेलवे को अनुरोध प्रस्तुत करने में तीन महीने की विलंब, मानवबल की कमी, वन मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने में विलंब, दोषपूर्ण कार्य और टीकेसी द्वारा कार्य निष्पादन की धीमी गति विलंब का कारण था।

- जेएसबीएवाई चरण-II के तहत गिरिडीह जिले में बनने वाले 13 पीएसएस में से, मार्च 2019 में दिए गए कार्यों में से बगोदर, पीरटांड, जमुआ और राजधनवार में चार पीएसएस के मार्च 2020 तक शुरू नहीं किया गया था। काम शुरू होने में विलंब हुआ क्योंकि इन पीएसएस के लिए भूमि का सीमांकन एलओआई जारी होने की तारीख से 11 से 12 महीने बीत जाने के बाद फरवरी और मार्च 2020 में किया गया था।

लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए, प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई/अक्टूबर 2021) कि विलम्ब प्रशासन और वन विभाग की ओर से था और जेबीवीएनएल के नियंत्रण से बाहर था।

उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि जेबीवीएनएल ने उपयुक्त भूमि के आवंटन के लिए जिला प्रशासन से संपर्क करने, आरओडब्ल्यू मुद्दों को निपटाने और बीओक्यू[94] को फ्रीज करने में विलंब किया था। इसके अलावा, जेबीवीएनएल स्वीकृत परियोजनाओं में भूमि के मुद्दे को हल करने में विलंब और झारखण्ड सरकार द्वारा वन मंजूरी के कारण विलंब हुआ।

5.9 लाभार्थी सर्वेक्षण और संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाई गई विसंगतियां

ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रभावशीलता और दक्षता के उद्देश्य से, लेखापरीक्षा ने सितंबर 2019 से मार्च 2020 के दौरान जेबीवीएनएल के

---

[92] गिरिडीह-7, दुमका-2 और राँची-1

[93] जेएसबीएवाई-I के पैकेज -2 में 27 दिन, पैकेज-3 में 15 दिन, पैकेज-5 में 12 दिन, पैकेज-6 में 22 दिन तथा जेएसबीएवाई-II के पैकेज-1 एवं 2 प्रत्येक में 15 दिन, पैकेज-4 एवं 6 प्रत्येक में 30 दिन

[94] दुमका, राँची गिरिडीह

अधिकारियों के साथ संयुक्त क्षेत्र सत्यापन किया। क्षेत्र के दौरे के दौरान, सात[95] जिलों के 26 गांवों[96] के 138 लाभार्थियों का सर्वेक्षण किया गया। यह देखा गया कि डीडीयुजीजेवाई के लिए गांवों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया था। किसी भी पोल पर खतरे के बोर्ड नहीं मिले और किसी भी गांव में डीडीयुजीजेवाई के साइन बोर्ड नहीं मिले। आगे, 33 लाभार्थियों (24 प्रतिशत) के मामले में मीटर परिसर के अंदर लगाए गए थे जहां परिसर को इस उद्देश्य से खोले या अनलॉक किये बिना पहुँच सुगम नहीं था।

आगे यह भी देखा गया कि योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार मीटर पिलर बॉक्स पर स्थापित किया जाना था जो नहीं किया गया। 138 लाभार्थियों में से 21 मीटर विद्युत-संबंध (15 प्रतिशत) के मामले में, 18 मीटर लाइन सर्किट से नहीं जुड़े थे और तीन मीटर खराब पाए गए थे। 81 लाभार्थियों (59 प्रतिशत) को एलईडी बल्ब भी उपलब्ध नहीं कराए गए थे, हालांकि यह केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत टीकेसी द्वारा प्रदान किया जाना था। विद्युतीकरण के 16 से 33 महीने के बाद भी किसी भी लाभार्थी को बिल प्राप्त नहीं हुआ था। यद्यपि डीटीआर पर मीटर लगाए गए थे, उनकी रीडिंग जेबीवीएनएल द्वारा नहीं ली जा रही थी। एसएमडीबी निर्जन क्षेत्रों में भी खंभों पर स्थापित पाए गए। लाभार्थियों ने आगे कहा कि गांवों में प्रतिदिन केवल 10-12 घंटे बिजली उपलब्ध थी।

- धनबाद जिले के मधुगोरा गांव में एक उपभोक्ता, जिसका उपभोक्ता सं. बीपीबीडी 3803 था, के पास एक मीटर-युक्त विद्युत-संबंध (मीटर संख्या 22707) विद्यमान था, जो ठीक स्थिति में था। हालांकि, टीकेसी द्वारा उसे पुन: एक नया मीटर प्रदान किया गया, जो बेकार पड़ा था।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया (मई/अक्टूबर 2021) और कहा कि कार्य पूरा होने के बाद खतरे के बोर्ड लगाए गए हैं और मीटर विद्युत-संबंध में विसंगतियों को ठीक कर दिया गया है। प्रबंधन/विभाग ने यह भी बताया कि सभी लाभार्थियों को एलईडी बल्ब उपलब्ध कराये गये हैं और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तथापि, तथ्य यह है कि लाभार्थियों ने कहा था कि एलईडी बल्ब उपलब्ध नहीं कराए गए थे और कोई जागरूकता कार्यक्रम नहीं चलाया गया था।

जेबीवीएनएल के जिम्मेदार अधिकारियों पर जिम्मेदारी तय करने के लिए एक स्वतंत्र जांच एजेंसी द्वारा ₹ 80.07 करोड़ की लागत से अतिरिक्त डीटीआर,

---

[95] धनबाद (सितंबर 2019), पाकुड़ (सितंबर 2019) देवघर (दिसंबर 2019), पलामू (दिसंबर 2019), गिरिडीह (मार्च 2020), दुमका (मार्च 2020) और राँची (फरवरी और जून 2020)

[96] धनबाद (अनालसिया, कापसरा, कंचनपुर, मधुगोड़ा), पाकुड़ (जितलपुर, मोहनपुर, सुंदरपुर, धनपहड़िया) देवघर (बाराकोला, रक्ती, गुनियासोल, मोहनाडीह), पलामू (खेंद्र कलां, पुरंदिन, नवातोली, खेंद्र खुर्द), गिरिडीह (बदवाड़ा, बुच) नवाडीह, बरिया, जादू रैडीह), दुमका (बेदिया, पलासी, सीकरपुर, बृंदाबनी) और राँची (मुरुपिरी, मक्का)

पीसीसी पोल और एसएमडीबी की स्थापना की जांच की जानी चाहिए। ऊर्जा विभाग द्वारा पीएसएस के लिए उपयुक्त भूमि सौंपने में विलंब की जांच किए जाने की आवश्यकता है।

सारांश में: *डीडीयुजीजेवाई के तहत 235 मेगा वोल्ट एम्पीयर (एमवीए) के 29 पावर सब स्टेशन (पीएसएस) का निर्माण किया गया। इनमें से 70 एमवीए के केवल आठ पीएसएस चार्ज किए जा सके जबकि 21 पीएसएस के निर्माण के तीन से 29 महीनों के बाद भी निष्क्रिय (जून 2020) था, मुख्य रूप से संबद्ध ग्रिड सब स्टेशनों (जीएसएस) के अधूरे रहने (तीन मामले) के कारण, पीएसएस को संचालित करने के लिए प्रशिक्षित मानवबल (दो मामलों) की अनुपस्थिति तथा आवश्यक 33 या 11 केवी लाइनों (16 मामलों) का निर्माण नहीं होने के कारण था।*

718.61 सर्किट किमी 33 केवी लाइन के लक्ष्य के विरूद्ध, सात नमूना-जांचित जिलों में केवल 465.64 सर्किट किमी लाइन्स बनाए गए थे, जो वन मंजूरी प्राप्त करने में विलंब, आरेख को अंतिम रूप देने में विलंब, पावर ट्रांसफार्मर (पीटीआर) के तकनीकी मानकों, आरओडब्ल्यू (राईट ऑफ वे) और टीकेसी द्वारा मानवबल का अपर्याप्त जुटाव के कारण था।

जेबीवीएनएल ने पीएसएस और फीडरों पर ऊर्जा मीटर नहीं लगाए थे। डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर (डीटीआर) पर स्थापित मीटर बिना किसी ऊर्जा लेखांकन जाँच के बेकार पड़े थे। इस प्रकार, मुख्य उद्देश्यों में से एक अर्थात, एटीसी हानियों को कम करना विफल रहा।

1,290 एमवीए के 129 पीएसएस के लक्ष्य के विरूद्ध, जेएसबीएवाई के तहत 90 एमवीए के केवल नौ पीएसएस का निर्माण किया गया था। 39 पीएसएस के निर्माण की नमूना-जांच से पता चला कि जेबीवीएनएल द्वारा भूमि की पहचान करने और सौंपने में एलओआई की तारीख से 20 महीने (अप्रैल 2020) की विलंब के अलावा टीकेसी की ओर से कार्य शुरू करने और पूरा करने में विलंब हुआ था।

अध्याय 6 वित्तीय प्रबंधन

6.1 ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं की वित्तीय स्थिति

ग्रामीण विद्युतीकरण के वित्त-व्यवस्था को दो वर्गों में वर्गीकृत किया जा सकता है यथा भारत सरकार द्वारा वित्त प्रदत्त योजना एवं झारखंड सरकार द्वारा वित्त प्रदत्त योजना। भारत सरकार प्रदत योजनाओं में वित्त प्रवाह को **चार्ट 6.1** में दर्शाया गया है:

चार्ट 6.1: भारत सरकार प्रायोजित ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं में वित्त प्रवाह



6.1.1 भारत सरकार की योजनाएँ

जून 2020 तक ऊर्जा मंत्रालय द्वारा अनुमोदित योजना लागत, प्राप्त होने वाली निधि में योगदान (भारत सरकार/झारखण्ड सरकार/ऋण), प्राप्त होने वाली निधि के विरुद्ध विमुक्त निधि एवं उपयोगित निधि **तालिका 6.1** एवं **6.2** में दर्शायी गई है:

तालिका 6.1: योजनावार योजना लागत एवं संबंधित अंश

(₹ करोड़ में)

योजना का नाम	योजना लागत	निधि अंश		
		भारत सरकार	ऋण	झारखण्ड सरकार
आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)	1,260.92	1,134.83		126.09*
डीडीयुजीजेवाई	3,722.12	2,233.27	1,116.64	372.21
सौभाग्या	887.11	532.26	266.14	88.71
कुल	**5,870.15**	**3,900.39**	**1,382.78**	**587.01**

* *राज्य (स्वयं/ऋण) द्वारा प्रदत्त किया जाना है।*

तालिका 6.2: भारत सरकार/ झारखण्ड सरकार/ ऋण से प्राप्त योजनावार निधि एवं उपयोगिता

(₹ करोड़ में)

योजना का नाम	विमुक्त निधि				उपयोगित निधि
	भारत सरकार	ऋण	झारखण्ड सरकार	कुल	
आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना)	921.60	102.42	145.51	1,169.53	1,148.44
डीडीयुजीजेवाई	2,236.07	1,090.35	837.50	4,163.92	3,856.16
सौभाग्या	142.90	शून्य	86.84	229.74	33.45[97]
कुल	**3,300.57**	**1,192.77**	**1,069.85**	**5,563.19**	**5,038.05**

(स्रोत: जेबीवीएनएल द्वारा प्रदत्त आँकड़े)

यह पाया गया कि:

- आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) योजना 17 जिलों के लिए स्वीकृत (अगस्त 2014) हुई। कार्य नौ संवेदकों को 24 महीने के समापन अवधि के साथ ₹ 1,351.76 करोड़ की लागत में आवंटित (फरवरी 2016 से मई 2016) की गई। क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद कार्यक्षेत्र विस्तार में वृद्धि(जुलाई 2017 से फरवरी 2018 के दौरान) के कारण लागत बढ़कर ₹ 1,610.99 करोड़ हो गई।
- इसी प्रकार, डीडीयुजीजेवाई राज्य के सभी 24 जिलों के लिए स्वीकृत (अगस्त 2015) हुई। 12 संवेदकों को कार्य का आवंटन 24 महीने के समापन अवधि के साथ ₹ 4,163.12 करोड़ की लागत से आवंटित (मार्च 2017 से सितंबर 2017) की गई। क्षेत्र सर्वेक्षण के बाद कार्य के क्षेत्र विस्तार में वृद्धि एवं जीएसटी के प्रकटीकरण के कारण लागत बढ़कर (नवम्बर 2018) ₹ 5,245.63 करोड़ हो गई।

आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) एवं डीडीयुजीजेवाई के कार्य समाप्त (जून 2020) नहीं हुई थी।

---

97 ₹ 107.31 करोड़ ईएससी को हस्तान्तरित की गई

6.1.2 राज्य योजना

राज्य योजनाओं में जून 2020 तक प्राप्त एवं उपयोगित निधि का विवरण **तालिका 6.3** में है:

तालिका 6.3: अनुमोदित योजना लागत के विरुद्ध योजनावार प्राप्त एवं उपयोगित निधि

(₹ करोड़ में)

योजना का नाम	योजना लागत	प्राप्त निधि	उपयोगित निधि
ऐजीजेवाई	**150.00**	**100.00**	**74.63**
टीएमकेपीवाई	**117.00**	**100.00**	**1.38**
जेएसबीएवाई	**2,664.54**[98]	**900.36***	**570.50**[99]
कुल	**2,931.54**	**1,100.36**	**646.51**

** विमुक्त निधि में जेएसबीएवाई ग्रामीण एवं शहरी मिश्रित*

(स्रोत: जेबीवीएनएल द्वारा प्रदत्त आँकड़े)

6.2 योजना अनुश्रवण अभिकरण (पीएमए) पर अतिरिक्त खर्च

जेबीवीएनएल ने आरईसीपीडीसीएल को पीएमए के रूप में नवंबर 2018 तक के लिए आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) के तहत् 17 जिलों में कार्यान्वित किए जाने वाले परियोजनाओं के लिए ₹ 11.95 करोड़ के परामर्शी शुल्क पर नियुक्त किया (अगस्त 2016), जिसे चरणों[100] में दिया जाना था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) मुख्यतया सामग्री आपूर्ति के लिए आपूर्तिकर्ताओं के चयन, विद्युत उपकरण के प्रत्याभूत तकनीकी मानक के अनुमोदन, विद्युत संरचना के अनुमोदित चित्रण का अनुमोदन, सामग्री निरीक्षण, टीकेसी को भूमि उपलब्ध कराने इत्यादि में विलंब के कारण पूरा नहीं हो सका (जून 2020)। जेबीवीएनएल ने प्रति माह ₹ 19.93 लाख के लागत पर पीएमए को सितंबर 2019 तक अवधि विस्तार दिया गया। परिणामतः जेबीवीएनएल दिसंबर 2018 से सितंबर 2019 के अवधि के लिए ₹ 1.99 करोड़ का अतिरिक्त परिहार्य व्यय किया। पीएमए अनुबंध का अवधि विस्तार (जून 2021) अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 तक ₹ 1.44 करोड़ के अनुमानित लागत पर दिया गया जिसका अवधि विस्तार आगे बढ़ाये जाने की संभावना है।

प्रबंधन/विभाग ने बताया (मई 2021/अक्टूबर 2021) की कार्यक्षेत्र में वृद्धि के कारण अनुबंध का अवधि विस्तार किया गया एवं परिणामतः लागत में वृद्धि हुई।

जेबीवीएनएल का यह तर्क कि कार्य की मात्रा में वृद्धि हुई थी, स्वीकार्य नहीं है क्योंकि आरजीजीवीवाई (XII योजना) डीपीआर में वर्णित कार्यक्षेत्र 18,092 गाँव

---

98 जेएसबीएवाई की कुल परियोजना लागत ₹ 5,127.56 करोड़ थी जिसमें जेएसबीएवाई ग्रामीण के लिए ₹ 2,084.93 करोड़ और मीटरीकरण एवं नए कृषि विद्युत-संबंध के लिए ₹ 579.61 करोड़ शामिल थे।

99 जेएसबीएवाई शहरी के लिए ₹ 146.97 करोड़ को छोड़कर।

100 टीकेसी को भुगतान के साथ आनुपातिक आधार पर अनुबंध मूल्य का 45 प्रतिशत, अनुबंध अवधि के 27 समान मासिक किश्तों में 45 प्रतिशत और कार्य समाप्त होने पर शेष 10 प्रतिशत।

और 4,71,971 बीपीएल विद्युत-संबंध के विरुद्ध केवल 10,752 गांव का विद्युतीकरण और 2,71,670 बीपीएल विद्युत-संबंध जारी किया। इसके अलावा, जेबीवीएनएल और टीकेसी कार्य में विलंब के लिए जिम्मेदार थे, जिसके कारण पीएमए को अवधि विस्तार दिया जाना आवश्यक हो गया था।

6.3 टीडीएस कटौती न होने से संवेदकों को अनुचित लाभ

आयकर अधिनियम 1961 के धारा 194 ग(1) के अनुसार किसी संविदा के अनुसरण में, उत्तरदायी कोई व्यक्ति, किसी कार्य (जिसके अधीन किसी कार्य को करने के लिए श्रम की आपूर्ति भी है) को करने के लिए किसी निवासी (संवेदक) को, जहां भुगतान किसी व्यक्ति या अविभाजित हिन्दू परिवार से भिन्न किसी व्यक्ति को संदाय या प्रत्यय किया जा रहा हो, वहां दो प्रतिशत, के बराबर रकम की आय पर आय-कर के रूप में कटौती करेगा।

लेखापरीक्षा में पाया कि जेबीवीएनएल ने टीकेसी से एक टर्न-की अनुबंध किया परंतु मूल्य को ध्यान को रखकर अनुबंध को दो भाग यथा आपूर्ति एवं निर्माण में विभाजित कर दिया गया। टीकेसी को भुगतान के समय, जेबीवीएनएल ने आपूर्ति पक्ष में टीडीएस नहीं काटा अपितु यह अनुबंध का भाग था और निर्माण के साथ जुड़ा था। अतः आपूर्ति पक्ष को भी श्रोत पर कर (टीडीएस) कटौती के लिए विचार किया जाना था।

तत्पश्चात, आयकर विभाग (आईटीडी) ने जेबीवीएनएल को आरई के 17 योजना एवं पांच पुनर्गठित त्वरित विद्युत विकास तथा सुधार कार्यक्रम (आरएपीडीआरपी) के विरुद्ध ₹ 36.64 करोड़ जमा करने के लिए सूचित (अक्टूबर 2017) किया। जेबीवीएनएल आपूर्ति पक्ष पर ₹ 9.79 करोड़[101] की कम कटौती को स्वीकार (नवंबर 2017) किया एवं ₹ 9.79 करोड़ के 20 प्रतिशत की राशि ₹ 1.96 करोड़[102] जमा कर माँग विपत्र में सुधार करने के लिए आयकर उपायुक्त के पास आवेदन दिया।

अतः जेबीवीएनएल विपत्र से टीडीएस न/ कम कटौती कर संवेदकों को कम से कम ₹ 7.32 करोड़ का अनुचित लाभ प्रदान किया।

प्रबंधन/विभाग अपने उत्तर (मई 2021/अक्टूबर 2021) में स्वीकार किया कि आयकर विभाग ने अपने कारण बताओ नोटिस में कहा, चूँकि यह मिश्रित अनुबंध था, जेबीवीएनएल को पूरे अनुबंध मूल्य पर आयकर कटौती करनी थी।

6.4 डीडीयुजीजेवाई के ऋण पक्ष पर उच्च दर से ब्याज का पुनर्भुगतान

ऋण अनुबंधपत्र के अनुसार, जेबीवीएनएल को आरईसी के अद्यतन ऋण नीति में वर्णित श्रेणी[103] को प्रति अदायगी दिवस में प्रचलित दर के अनुसार ऋण भारित

---

101 आरई - ₹ 7.32 करोड़ और आरएपीडीआरपी - ₹ 2.47 करोड़।

102 आरई मद से ₹ 1.46 करोड़ एवं आरएपीडीआरपी मद से ₹ 49.48 लाख।

103 आरईसी ने प्रत्येक श्रेणी के लिए लागू ब्याज दरों को परिभाषित करने के लिए राज्य क्षेत्र की यूटिलिटी को श्रेणियों जैसे ए+, ए, बी और सी में वर्गीकृत किया।

किया जाना था। प्रयोज्य ऋण दर प्रति तीन वर्षों में पुनर्नियोजित एवं त्रैमासिक आधार पर संयोजन के साथ निम्न शर्तों के साथ लागू होने थे:

- अगर आरईसी की जेबीवीएनएल के लिए ऋण अदायगी 9.5 प्रतिशत से कम रही तो, डीडीयुजीजेवाई योजना के लिए, जेबीवीएनएल को आरईसी के ऋण अदायगी दर पर कोई छूट नहीं दी जाएगी;
- अगर आरईसी की जेबीवीएनएल के लिए ऋण अदायगी दर 9.5 प्रतिशत से 11.50 प्रतिशत के बीच रही तो, प्रयोज्य ऋण दर 9.5 प्रतिशत रहेगी; और
- अगर आरईसी की जेबीवीएनएल के लिए ऋण अदायगी 11.50 प्रतिशत से ज्यादा रही तो, डीडीयुजीजेवाई योजना के लिए, जेबीवीएनएल को आरईसी के ऋण अदायगी दर पर 1.50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त, आरईसी, झारखण्ड सरकार और जेबीवीएनएल के बीच हुए त्रिपक्षीय अनुबंध (नवंबर 2016) के अनुसार, आरईसी को झारखण्ड सरकार के एवज में सीधे जेबीवीएनएल के खाते में निधि आवंटित करनी थी और अगर आरईसी से कोई ऋण लिया जाता है तो झारखण्ड सरकार, आरईसी के स्वीकृति पत्र के अनुसार, ऋण अदायगी एवं ब्याज एवं अन्य प्रभार के भुगतान के लिए वचनवद्ध/ उत्तरदायी था।

- लेखापरीक्षा ने पाया कि डीडीयुजीजेवाई योजना के कार्यान्वयन के लिए आरईसी ने जेबीवीएनएल को ₹ 1,103 करोड़ की ऋण स्वीकृत किया (नवंबर 2017)। जिसमें से ₹ 1,090.35 करोड़ का आवंटन जेबीवीएनएल को (दिसंबर 2018 एवं जून 2020 के दौरान) किया गया। आरईसी जेबीवीएनएल के ऋण पर 9.5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत एवं 10.75 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज भारित किया जबकि ऋण अनुबंधपत्र के अनुसार अनुमान्य दर 9.5 प्रतिशत थी क्योंकि दिसंबर 2018 से आरईसी प्रयोज्य ऋण दर कभी भी 11.50 प्रतिशत से ऊपर नहीं गई।

परंतु, जेबीवीएनएल ने कभी आरईसी के साथ 10 प्रतिशत एवं 10.75 प्रतिशत के उच्च दर के ब्याज भारित करने का मुद्दा नहीं उठाया और दिसंबर 2018 से जून 2020 के अवधि के लिए ₹ 113.20 करोड़ के माँग के विरुद्ध ₹ 110.32 करोड़[104] (मार्च 2020 तक) भुगतान किया जिसमें ₹ 1.17 करोड़ (***परिशिष्ट VII***) का अतिरिक्त ब्याज़ भी शामिल था। क्योंकि, झारखण्ड सरकार ने ऋण अदायगी के लिए कोई धन उपलब्ध नहीं कराया, जेबीवीएनएल ब्याज दण्ड से बचने के लिए डीडीयुजीजेवाई के निधि से ₹ 110.32 करोड़ रुपये का भुगतान किया। इसके अतिरिक्त झारखण्ड सरकार ₹ 54.60 करोड़ (दिसम्बर 2020) का भुगतान किया जिसमें ₹ 94.71 लाख दण्ड राशि शामिल थी।

[104] विलंब शुल्क सहित ₹ 9.23 लाख।

➢ डीडीयुजीजेवाई का कार्य एलओए के अनुसार अप्रैल 2019 से सितंबर 2019 के बीच समाप्त होना था किन्तु मई 2020 तक कार्य अपूर्ण थे। एटीसी हानि भी 2018-19 के 15 प्रतिशत के लक्ष्य के विरुद्ध 28.69 प्रतिशत रहा। पूर्ण मीटरीकरण एवं ऊर्जा लेखांकन के कमी के कारण, जेबीवीएनएल, झारखण्ड सरकार से उपयुक्त आर्थिक सहायता लेने में असफल रहा। अतः, जेबीवीएनएल, डीडीयुजीजेवाई के ऋण का अतिरिक्त अनुदान के परिवर्तन से संबंधित आरईसी के शर्तों को पूरा नहीं कर सका जिसके कारण 50 प्रतिशत ऋण (₹ 558.32 करोड़) को अतिरिक्त अनुदान में परिवर्तित कराने से होने वाले लाभ प्राप्त करने की स्थिति में नहीं था।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकारते (मई/अक्तूबर 2021) हुए कहा कि इस मामले को आरईसी के समक्ष स्पष्टीकरण के लिए उठाया गया है।

6.5 मोबिलाइजेसन अग्रिम पर ब्याज़

आरईसी निर्देशिका (22 अगस्त 2016) के अनुसार, डीडीयुजीजेवाई के अनुबंध के दशा में मोबिलाइजेसन अग्रिम पर ब्याज़ दर एसबीआई के आधार मूल्य से कम नहीं होना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि जेबीवीएनएल ने फरवरी 2018 से फरवरी 2020 के बीच 8.65 प्रतिशत से 9 प्रतिशत के दर से ब्याज़ भारित किया जो एसबीआई के आधार मूल्य जो 8.95 प्रतिशत से 9.1 प्रतिशत के बीच था, से कम रहा। परिणामस्वरूप, जेबीवीएनएल टीकेसी से ₹ 25.95 लाख का कम ब्याज़ अर्जित किया।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकारते (मई /अक्तूबर 2021) हुए कहा कि लेखापरीक्षा अवलोकन के आलोक में मोबिलाइजेसन अग्रिम पर ब्याज की गणना की समीक्षा की जा रही है और अल्प वसूली को अग्रिम विपत्र से वसूल कर ली जाएगी।

6.6 मोबिलाइजेसन अग्रिम से अर्जित ब्याज का नियम-विरुद्ध रखना

आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) एवं डीडीयुजीजेवाई योजना के दिशा निर्देशों के अनुसार, चूँकि डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत प्राप्त पूंजीगत सब्सिडी/अनुदान भारत सरकार की निधि थी और लाभार्थी मात्र निधि का देखभाल करने वाला था, पूंजीगत सब्सिडी/अनुदान से अर्जित ब्याज को कम से कम तीन महीने में एक बार उर्जा मंत्रालय के खाते में भेजना था।

साथ ही, सामान्य वित्तीय नियमावली (जीएफआर) 2017 के धारा 230(8) दर्शाता है कि अनुदेयी संस्था को अनुदान एवं अग्रिम (प्रतिपूर्ति को छोड़कर) से अर्जित सभी ब्याज एवं प्राप्ति को लेखा के समापन के तत्पश्चात अनिवार्य रूप से भारत के संचित निधि में भेजा जाना चाहिए। इन अग्रिम का समायोजन भविष्य में विमुक्त होने वाली राशि से नहीं किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि जेबीवीएनएल, आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) एवं डीडीयुजीजेवाई में वर्ष 2016-17 से 2018-19 के दौरान लगे टीकेसी को दिये

₹ 404.46 करोड़[105] के अग्रिम पर ₹ 41.62 करोड़[106] रुपया ब्याज़ कमाया जिसमें से ₹ 33.07 करोड़[107] ब्याज़ भारत सरकार अनुदान पर अर्जित किया जिसका उपयोग मोबिलाइजेसन अग्रिम देने में किया गया था। परंतु, जेबीवीएनएल ने भारत सरकार के अनुदान से अर्जित ब्याज़ को उर्जा मंत्रालय को नहीं भेजा।

प्रबंधन/विभाग ने लेखापरीक्षा अवलोकन को स्वीकारते (मई/अक्तूबर 2021) हुए कहा कि ब्याज़ का अंतिम गणना योजना के समापन पर किया जाएगा एवं तदनुसार समायोजित किया जाएगा।

6.7 खनिज स्वामित्व की कटौती न किया जाना

झारखंड लघु खनिज रियायत नियमावली (जेएमएमसी), 2004 नियम 55 के अनुसार, कार्य संवेदकों को लघु-खनिजों की खरीदारी केवल अनुमति-पत्र धारक/ प्राधिकृत पट्टाधारकों से ही करनी है। साथ ही कार्य संवेदक को कार्य विभाग को विपत्र के साथ प्रपत्र 'ओ' में एक शपथ पत्र तथा प्रपत्र 'पी' में विवरणी समर्पित करना होता है जिसमें खनिज के खरीद का श्रोत, चुकता मूल्य एवं क्रय मात्रा का वर्णन होता है।

लेखापरीक्षा ने पाया कि जेबीवीएनएल ने आरई योजना यथा डीडीयुजीजेवाई एवं आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) इत्यादि में उपयोगित लघु खनिज यथा बालू, ईंट, चिप्स इत्यादि के खरीद के प्रमाण से संबन्धित प्रपत्र 'ओ' में एक शपथ पत्र तथा प्रपत्र 'पी' में विवरणी, विपत्र के साथ देने के लिए टीकेसी से आग्रह नहीं किया क्योंकि एलओआई में सिविल निर्माण कार्य का सामग्री विवरण नहीं था, जेबीवीएनएल ने भी किसी विपत्र से स्वामित्व की कटौती नहीं की।

लेखापरीक्षा ने आगे देखा कि 44 पीएसएस में से, 24 पीएसएस का निर्माण नमूना-जांचित सात जिलों में किया गया था। डीडीयुजीजेवाई के तहत निर्मित गिरिडीह जिले (पैकेज IV) में एक पीएसएस की केवल चारदीवारी और नियंत्रण कक्ष के लिए सामग्री विवरण की जांच से कार्य में उपयोग किए गए चिप्स, रेत और ईंटों के विरुद्ध ₹ 10.63 लाख की स्वामित्व की कटौती न किए जाने का पता चला। इस गणना के आधार पर, जेबीवीएनएल ने 24 पूर्ण पीएसएस के विरुद्ध कम से कम ₹ 2.55 करोड़ के स्वामित्व की कटौती नहीं की।

प्रबंधन/विभाग ने कहा (मई /अक्तूबर 2021) कि संवेदकों से प्रपत्र 'ओ' एवं प्रपत्र 'पी' समर्पित करने के लिए पत्राचार किया गया है और उनके प्रस्तुतीकरण के बाद उचित निर्णय लिया जाएगा।

---

[105] XII पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत ₹ 63.38 करोड़ और डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत ₹ 341.08 करोड़।

[106] XII पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत ₹18.56 करोड़ और डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत ₹ 23.06 करोड़।

[107] XII पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत ₹17.11 करोड़ और डीडीयुजीजेवाई के अंतर्गत ₹ 15.96 करोड़।

सारांश में, *जेबीवीएनएल ने आरजीजीवीवाई (XII पंचवर्षीय योजना) से संबंधित कार्यों को समय पर पूरा करना सुनिश्चित नहीं किया जिसके परिणामस्वरूप सितंबर 2020 तक परियोजना निगरानी एजेंसी (पीएमए) पर ₹ 3.43 करोड़ का परिहार्य व्यय हुआ।*

जेबीवीएनएल निर्धारित समय के भीतर कार्यों को पूरा करने, 2018-19 तक एटीसी हानियों को 15 प्रतिशत की निर्धारित सीमा के भीतर रखने, मीटर-युक्त और बिल की गई विद्युत् उपभोग के आंकड़ों के अभाव में, झारखण्ड सरकार से स्वीकार्य राजस्व सब्सिडी दावा करने में विफल रहा। अतः जेबीवीएनएल ₹ 558.32 करोड़ मूल्य के 50 प्रतिशत ऋण को अतिरिक्त अनुदान में बदलने का लाभ नहीं उठा पाएगा।

